चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 286, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 16 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अद्भुत, अकल्पनीय, अविश्वसनीय.. विराट

## विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में रचा नया इतिहास, विराट ने सचिन के पीछे छोड़ते हुए शतकों का अर्धशतक पूरा किया

**मुंबई**

**विराट** कोहली ने क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर एक नया इतिहास रच दिया। वानखेड़े में विराट कोहली ने सचिन के पीछे छोड़ते हुए शतकों का अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट कोहली ने अपना 50वां वनडे शतक पूरा किया। विराट कोहली वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज बन गए हैं।

विराट कोहली ने इससे पहले कोलकाता के ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों की बराबरी की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़कर वह वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर मौजूद हैं।

रोहित ने वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 31 शतक जड़े हैं। बता दें कि विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 80 शतक जड़ चुके हैं। वनडे में 50 और टेस्ट क्रिकेट में 29 शतक लगाए हैं। वहीं, टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 1 शतक जड़ा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 सेमीफाइनल में 117 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी के दौरान 9 चौके और 2 छक्के जड़े। श्रेयस के साथ 163 रन की साझेदारी की।



### कोहली एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने बुधवार (15 नवंबर) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 80 रन पूरे करके यह उपलब्धि हासिल की। विराट ने इस मामले में महातम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 117 रन की पारी खेली। विराट के अब विश्व कप के मौजूदा संस्करण में 711 रन हो गए। सचिन ने 2003 विश्व कप में 11 पारियों में 673 रन बनाए थे।

### मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती की एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा..

**नई दिल्ली**

वानखेड़े में विराट कोहली ने सचिन के वनडे शतकों के रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए नया इतिहास लिखा। न्यूजीलैंड के खिलाफ कोहली ने 117 रन की ऐतिहासिक पारी खेलते हुए शतकों का अर्धशतक पूरा किया। विराट कोहली के 50वें शतक पर सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट कर उन्हें बधाई दी। सचिन ने लिखा कि मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती की एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन तेंदुलकर ने एक्स हैंडल पर लिखा, जब मैं पहली बार आपसे



भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला था, तो टीम के अन्य साथियों ने आपके साथ मेरे पैर छूने का मजाक उड़ाया था। मैं उस दिन अपनी हंसी नहीं रोक सका, लेकिन जल्द ही, आपने अपने जुनून और कौशल से मेरे दिल को छू लिया। मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का 'विराट' खिलाड़ी बन गया है। मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा और वर्ल्ड कप सेमीफाइनल जैसे बड़े मंच और अपने घरेलू मैदान पर ऐसा करना सोने पर सुहागा है।

**विराट और सचिन के बीच गजब का संयोग**

गौरतलब हो कि जिस मैदान पर सचिन ने अपना आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला था। उसी मैदान पर विराट कोहली ने ऐतिहासिक शतक जड़ा है।

**विराट श्रेयस के बीच बेहतरीन साझेदारी**

विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ 163 रन की साझेदारी निभाई। यह किसी विश्व कप नॉकआउट मैच में भारत की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा और रोहित शर्मा और सुरेश रैना के नाम था। इन दोनों ने 2015 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में 122 रन की साझेदारी निभाई थी।

## भारत चौथी बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में: न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया



भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 1983, 2003 और 2011 में इस टूनामेंट फाइनल में पहुंची थी।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट 397 रन बनाए। विराट कोहली ने करियर की 50वीं वनडे सेंचुरी जमाते हुए 117 रन की पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 105 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 रन पर ऑलआउट हो गई। डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 7 विकेट लिए।

## चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सैन फ्रांसिस्को पहुंचे, बाइडेन से मिलेंगे

**सैन फ्रांसिस्को**

**चीन** के राष्ट्रपति शी जिनपिंग चीन-अमेरिका शिखर बैठक और 30वीं एपीईसी आर्थिक नेताओं की बैठक में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को सैन फ्रांसिस्को पहुंच गए। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। वैश्विक उथल-पुथल के बीच बाइडेन-जिनपिंग के बीच होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने पर जोर होगा। अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार इस मुलाकात से दोनों वैश्विक शक्तियों के द्विपक्षीय संबंधों में नरमी आने की संभावना नहीं है। मगर व्हाइट हाउस के अधिकारियों की महीनों की बातचीत के बाद होने जा रही इस बैठक को सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और यूक्रेन युद्ध पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत होने की उम्मीद है।

## हमास के वित्तीय ढांचे को खत्म करने के लिए लगा नया प्रतिबंध

**वॉशिंगटन**

हमास को कमजोर करने और वित्तीय ढांचे को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन ने नया प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका ने हमले के बाद अपने तीसरे दौर के प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें हमास के प्रमुख अधिकारियों और उन तंत्रों को निशाना बनाया गया, जिसके तहत ईरान हमास और उसके सहयोगी फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) और एक अन्य आतंकवादी समूह को सहायता प्रदान करता है। ब्रिटेन सरकार ने अपने आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध सूची में छह नए नाम जोड़े हैं, जिनमें हमास से जुड़े चार व्यक्ति शामिल हैं। अमेरिकी वित्त सचिव जेनेट येलेन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका हमास को उसके अत्याचारों को अंजाम देने के लिए धन जुटाने और उपयोग करने को रोकने के लिए ब्रिटेन सहित अपने सहयोगियों के साथ काम करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि हमास के हमले से अत्यधिक कष्ट हुआ है। आतंकवाद अलग-अलग नहीं होता है।

## जम्मू में सवारियों से भरी बस तीन सौ फीट खाई में गिरी, 33 की मौत

**जम्मू**

जम्मू संभाग के डोडा जिले के अस्सर में सवारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिससे 33 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दर्जनों यात्री घायल हैं। घायलों को अस्पताल जीएमसी डोडा पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार डोडा से जम्मू के लिए निकली बस अस्सर के पास ओवरटेक करते हुए अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 33 लोगों की मौत व 26 घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर है। दो घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जीएमसी जम्मू के लिए रेफर



किया गया लेकिन उनकी रास्ते में मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शुरूआती जानकारी में पता चला है कि इस मार्ग पर तीन बसें एक साथ चल रही थीं और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला उपायुक्त, एसएसपी डोडा सहित कई अन्य अधिकारी जीएमसी डोडा पहुंचे हैं और घायलों को तुरंत और उचित इलाज मिले इसके लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने हादसे पर दुख जताते हुए मरने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।

## इटावा: दिल्ली से दरभंगा जा रही हमसफर एक्सप्रेस की यात्री बोगी में लगी आग

**इटावा**

**दिल्ली** से दरभंगा जा रही हमसफर एक्सप्रेस यात्री बोगी में आग लगने से हादसे का शिकार हो गई। देखते ही देखते आग ने तीन यात्री बोगियों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में ट्रेन में सवार ग्यारह यात्री घायल हो गए। एक यात्री की हालत ज्यादा गंभीर होने की वजह से उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर किया गया है। रेलवे ने यात्रियों को दूसरी ट्रेन में



बैठाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया है। राहत बचाव के दौरान दो घंटे से अधिक रेल यातायात बाधित रहा है। मौके पर पहुंचे एडीएम अभिरंजन श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली से दरभंगा जा रही ट्रेन नंबर 02507 हमसफर एक्सप्रेस की जनरल बोगियों में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम से मिली थी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग और प्रशासनिक टीम ने घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। हादसे ने घायल यात्रियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सभी यात्रियों को दूसरी ट्रेन में बैठाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया जा रहा है। हादसे का शिकार हुई बोगियों को ट्रेन से अलग रेलवे ट्रैक पर बाधित यातायात को शुरू करवाने की कवायद चल रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

## भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिहाज से सेना बढ़ाएगी इन्फैंट्री की क्षमता



### दो दिन चले इन्फैंट्री कमांडरों के सम्मेलन में कई अहम फैसले लिए गए

**नई दिल्ली**

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा कि उन्नत नई पीढ़ी के हथियारों ने विरोधियों का मुकाबला करने के लिए इन्फैंट्री की उभरती क्षमताओं में नया विश्वास जगाया है। भारतीय सेना भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिहाज से अपनी इन्फैंट्री की क्षमता को और बढ़ाएगी, ताकि पारंपरिक युद्ध परिदृश्य, उग्रवाद और आतंकवाद विरोधी अभियानों के साथ तेजी से निपटा जा सके। सेना के इन्फैंट्री कमांडरों का 37वां द्विवार्षिक सम्मेलन 14-15 नवंबर को इन्फैंट्री स्कूल, महू में हुआ, जिसकी अध्यक्षता थल सेनाध्यक्ष ने की। यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर के प्रमुख सैन्य स्टेशनों से सैन्य अधिकारियों ने ऑनलाइन मोड में सम्मेलन में भाग लिया। सेना के उप प्रमुख, छह जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के सत्रह अधिकारी और मेजर जनरल रैंक के चौदह अधिकारियों के अलावा रेजिमेंटल सेंटर कमांडेंट इन्फैंट्री रेजिमेंट के कर्नल सम्मेलन में मौजूद रहे।

सेनाध्यक्ष जनरल पांडे ने इन्फैंट्री को भविष्य के लिए एक दुर्जेय बल में बदलने को लेकर नवीनतम तकनीक को शामिल करने के लिए सभी स्तरों पर किए जा रहे समर्पित और दृढ़ प्रयासों के लिए प्रतिभागियों की सराहना की।

## केंद्र ने आदिवासी गांवों में विकास के लिए अब तक 571 करोड़ रुपये दिए: सीएम भूपेंद्र पटेल

**अम्बाजी**

**प्रधानमंत्री** आदर्श ग्राम योजना के तहत आदिवासी गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार ने अब तक 571 करोड़ रुपये दिए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने 'जनजातीय गौरव दिवस' और 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शुभारंभ के अवसर पर बनासकांठा जिले के अम्बाजी में एक सभा को संबोधित किया।

**केंद्र ने आदिवासी गांवों के विकास के लिए 571 करोड़ रुपये**

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में गुजरात के 2,803 आदिवासी गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 571 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए, राज्य सरकार ने दाहोद, वलसाड, बनासकांठा और नवसारी जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र विकास सुनिश्चित किया है। साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में हरित विकास की अवधारणा को लागू किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की। सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा, एक समय था जब भारत छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी विदेशी आयात पर निर्भर था, लेकिन मोदी ने 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल शुरू की।

## पीओजेके जम्मू-कश्मीर की पहचान का हिस्सा: चुघ

**जम्मू**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू-कश्मीर प्रभारी तरुण चुघ ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर की पहचान पर फर्जी कहानी बनाने के लिए अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों की आलोचना की। चुघ ने सवाल किया कि अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार अब तक पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के बारे में बात करने से क्यों कतराते रहे हैं। क्योंकि वे बाहरी ताकतों के इशारों पर नाच रहे हैं। "देश से दुश्मनी रखने वाले नेता लोगों को गुमराह करने के लिए विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं।" चुघ ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू-कश्मीर में विकास और प्रगति के एक नए युग की शुरूआत करने के बाद, मुफ्तियों और अब्दुल्ला का पूरा गिरोह घबरा गया है।

## ओएसओपी: एक हजार स्टेशनों पर छोटे उद्यमियों को मिला बड़ा बाजार

### 1134 दुकानों का किया जा रहा है संचालन

**नई दिल्ली**

स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए रेलवे मंत्रालय द्वारा शुरू 'एक स्टेशन एक उत्पाद' (ओएसओपी) योजना का प्आने लगा है। इसके तहत देशभर के 1,037 रेलवे स्टेशनों पर 1,134 दुकानों का संचालन किया जा रहा है। योजना से जुड़े रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय कारीगरों एवं कामगारों को उनके शहर में ही रोजगार दिलाने के मकसद से पायलट प्रोजेक्ट के तहत पिछले वर्ष 25 मार्च को 19 स्टेशनों पर 15 दिनों के लिए लांच किया गया था। इसके नतीजे अच्छे आए तो 20 मई को योजना की औपचारिक शुरूआत की गई थी। अभी तक 27 राज्यों



के 1,037 रेलवे स्टेशनों पर कुल 1,134 ओएसओपी दुकानें संचालित की जा रही हैं। योजना की सफलता एवं स्थानीय कामगारों की सकारात्मक प्रतिक्रिया से उत्साहित रेलवे मंत्रालय जल्द ही कई अन्य स्टेशनों पर ऐसी दुकानें खोलने जा रहा है। योजना के तहत रेलवे की ओर से अहमदाबाद स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा डिजाइन की गई दुकानें उपलब्ध कराई जाती हैं।

**यूपी में 105 स्टेशनों पर कुल 112 दुकानों का किया जा रहा संचालन**

**योजना के माध्यम से** स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों एवं शिल्पकारों आदि को आजीविका के अवसर प्रदान किया जाता है। रेलवे के मुताबिक तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 137 रेलवे स्टेशनों पर 146 दुकानों का संचालन किया जा रहा है।

दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल है, जहां 123 स्टेशनों पर इतनी ही संख्या में दुकानें चलाई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश का स्थान तीसरा है, जहां 105 स्टेशनों पर कुल 112 दुकानों का संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक आवंटित दुकान से पांच-पांच लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। इन दुकानों से 49.58 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है।

# अस्पतालों का निर्माण कार्य पूर्ण न होने से जनता में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** ग्रामीणों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर शासन की ओर से विकासखंड कोरांव के कुल 19 गांवो में सामुदायिक चिकित्सालय भवनों का निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिनमें अभी तक महज नौ गांवो में ही निर्माण कार्य शुरू हो सका है। 10 गांवो में अभी तक निर्माण कार्यदाई संस्था के द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है। ज्ञात हो कि भवनों के निर्माण के लिए दो निर्माण एजेंसियों को टेंडर दिया गया है। एक एजेंसी को 10 तो एक एजेंसी को 9 भवन निर्मित कराने हेतु लिए मिले हुए हैं लेकिन एक एजेंसी के द्वारा अभी तक किसी भी गांव में निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया है। नव सृजित सब सेंटरों में अल्हवा, बेलवनिया, झमरोल, टीकर, चिरांव, मड़फा, सिरोखर, कौंदी टुड़ियार शामिल हैं। निमार्णाधीन सामुदायिक चिकित्सालय में कहीं छत पड़ गई है तो कहीं अभी छत पढ़नी भी बाकी है तो कहीं दरवाजे वह खिड़की भी नहीं लगाए गए हैं प्लास्टर भी नहीं हुए हैं। जिससे नियुक्त किए गए कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरो को बैठने में भी असुविधाएं हो रही हैं। सभी निमार्णाधीन भवनों में बीते मार्च तक तो काम चला लेकिन मार्च के बाद से ही निर्माण कार्य एजेंसियों के द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है। जिससे भवन अधूरे पड़े हुए हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

**19 सामुदायिक चिकित्सालयों में 10 का अभी तक नहीं शुरू हो सका निर्माण कार्य, अल्हवा भगेसर समेत कई गांवो में निमार्णाधीन भवन वर्ष भर से पड़े अधर में, अधूरे भवनों के कारण नहीं मिल पा रहीं स्वास्थ्य सेवाएं**



## निमार्णाधीन हेल्थ वेलनेस सेंटर भी पड़े अधूरे दूसरे गांव में बैठ रहे सीएचओ

विकासखंड कोरांव के भगेसर, खिवली कला, करपिया, कूदर, सींकी, पसना, बसहरा में हेल्थ वेलनेस सेंटर के भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि वर्ष भर से इन भवनों का काम बंद पड़ा है। आधे अधूरे भवनों के कारण नियुक्त सीएचओ भी नहीं बैठ पा रहे हैं। दूसरे गांव में बैठकर अपने कार्य की इतिश्री करने में लगे हुए हैं। ग्राम प्रधान भगेसर बंभोले प्रसाद सिंह ने बताया कि नियुक्त सीएचओ अनन्या गांव में न बैठकर बगल गांव दर्शनी में बैठती हैं जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ग्राम प्रधान अल्हवा अहमद सिद्दीकी ने अधूरे पड़े सामुदायिक चिकित्सालय भवन की शिकायत प्रमुख सचिव स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश सरकार से करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने की मांग की है।

## हेल्थ वेलनेस सेंटर निर्माण के लिए तीन गांवो में नहीं मिली जमीन

विकासखंड कोरांव के अयोध्या, मुरलीपुर, हड़िया में हेल्थ वेलनेस सेंटर निर्माण कार्य के लिए ग्राम प्रधानों के द्वारा अभी तक जमीन चिन्हित कर विभाग को नहीं दी गई है। जिससे इन तीन गांवो के हेल्थ वेलनेस सेंटर के निर्माण कार्य शुरू होने में अड़चने आ रही हैं।

## एसीपी मेजा के कार्यालय एवं आवास निर्माण हेतु डीएम ने भूमि आवंटित करने को तहसीलदार को जारी किया आदेश पत्र

**मेजा।** एसीपी मेजा एवं उनके कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित कार्यालय तथा आवास बनाए जाने के लिए जिलाधिकारी प्रयागराज ने भूमि आवंटित किए जाने हेतु तहसीलदार मेजा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली के तहत मेजा खास स्थित गाटा संख्या 1080 मि रकबा 8.5050 में से 0.2500 हे० भूमि जो गांव सभा मेजा खास के खाते में दर्ज है को ए सी पी मेजा के कार्यालय एवं आवास तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के आवास निर्माण हेतु जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने तहसीलदार मेजा को निर्देशित करते हुए आदेश पत्र जारी कर दिया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी प्रयागराज ने आदेश पत्र में स्पष्ट किया है उक्त भूमि गांव सभा के खाते से निरस्त करके ए सीपी कार्यालय एवं आवास हेतु राजस्व अभिलेख खतौनी में अंकित किया जाय इसके लिए जिलाधिकारी प्रयागराज ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेश पत्र प्रेषित कर दिया है।

# मुकुट पूजन के साथ शुरू हुआ रामलीला का मंचन



शंकरगढ़। क्षेत्र के ग्राम गोबरा हेवार में बारह दिवसीय राम लीला का मंचन मुकुट पूजन के साथ प्रारंभ किया गया। मुकुट पूजन के पश्चात भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि रामलीलाओं का मंचन हर एक गांव व मुहल्लो में होना चाहिए। रामलीला में जितने भी पात्र होते हैं वह मनुष्य को जीवन जीने के लिए आदर्श शिक्षा देते हैं। त्याग, भात्प्रेम, मित्र प्रेम, प्रकृति प्रेम , पशु पक्षियों से प्रेम सामाजिक समरसता, शासन तंत्र आदि की आदर्श शिक्षा राम लीला से ग्रहण किया जा सकता है। जैसा कि इस शुभ कार्य को श्री गणेश करने में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान राम मिलन, उदय राज यादव, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा की मुख्य भूमिका है। कार्यक्रम में शोभनाथ वर्मा, मुक्तिकांत मिश्रा,सुखराम, हरिशंकर श्रीवास्तव, हेमराज मिश्रा, रोहित केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा, पिंशू मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी,शुभम त्रिपाठी, सोनू त्रिपाठी, हरीकांत त्रिपाठी, क्षमाकांत त्रिपाठी, चंद्र शेखर मिश्रा, पप्पू मिश्रा , सह देव, शिवांश गोजैहा मधुकर त्रिपाठी, सुरेश त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, विकाश त्रिपाठी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# जिंदा से मुर्दा और फ्राड करने वाले राजस्व कर्मी को कौन दे रहा संरक्षण !

**अखंड भारत संदेश**

**फॉलोअप**

**तहसील कोरांव में फल फूल रहा फजीर्वाड़ा गिरोह, विरोध करने पर कुछ कर्मी फंसवाते हैं जमीन और मकान,और ऐंठते हैं रकम,हो रहा अब पदार्फाश**

**कोरांव।** तहसील कोरांव में काफी समय से राजस्व कर्मियों का एक रैकेट सक्रिय है। जो स्थानीय हो कर गृह तहसील क्षेत्र में अपने रिश्तेदारों वालें ग्राम सभा में लोकल राजनीति तो करते ही है। साथ ही प्रभावित हो कर नाप जोख में पक्ष पात करते हैं और अपने अपने रिश्तेदारों के विपक्षियों का बदला लेते हैं। साथ ही कूट रचित दस्तावेजो के जरिए किसी की जमीन दूसरे के नाम करने का काम करते हैं और अकूत संपत्ति भी इकठ्ठा किए हैं। किंतु राजस्व अधिकारी लोग ध्यान नहीं दिए जिससे न्यायालयों की शरण में लोग जा ने लगे और कानून व्यवस्था पर उंगली उठाने लगी। उल्लेखनीय है कि जिले का सबसे बड़ा क्षेत्रफल ग्राम सभा देवघाट जिसमे कई साल पूर्व तत्कालीन ग्राम प्रधानों और राजस्व अफसरों ने भूमि हीनों को पट्टे दिए थे। किंतु लेखपालों ने कई पट्टेदारों की जमीनें भू अभिलेखों में न दर्ज कराकर रिश्वत ले ले कर किसी की फर्जी वारिश बना कर तो किसी को जिंदा से मुर्दा दर्शा कर तो किसी की खतौनी बदलते समय दूसरे या अपने खास रिश्तेदारों दोस्तों के नाम दर्ज करा दी है। वर्ष 2021 में तत्कालीन लेखपाल राजबहादुर सिंह पटेल और कानूनगो ने फजीर्वाड़ा करके एक महिला को जिंदा होते हुए मृतक दिखा कर दूसरे के नाम भूमि ट्रांसफर कर दिया था। जिसकी शिकायत डीएम संजय खत्री से महिला ने खुद जा कर किया था जिनपर लेखपाल निलंबित हुआ था। और तत्कालीन राजस्व अफसर लंबी रकम ले कर मामले को दबाने का प्रयास किया लेकिन न्यायालय के आदेश पर उक्त लेखपाल देवघाट और तत्कालीन कानूनगो और दो भू माफियाओं के खिलाफ थाना कोरांव में क्राइम नंबर412/ 2021धारा 419, 420, 467, 468, 471, 506,आईपीसी में केस दर्ज हुआ। जिसकी विवेचना कोरांव थाने के एक पुलिस उप निरीक्षक द्वारा हो रही है। किंतु धन बल के सहारे आरोप पत्र कोर्ट अभी तक नहीं पहुंचा। जबकि डीसीपी यमुनापार ने 2 नवबर को थाना अध्यक्ष को आरोप पत्र निस्तारित कर अविलंब कोर्ट भेजने का हुक्म दिया हअभी उक्त मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि उसी लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ पुनः कोरांव थाने पर क्राइम नंबर 425/2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी में तत्कालीन लेखपाल राजबहादुर सिंह पटेल, तत्कालीन कानूनगो और कोराब के दो अभियुक्तों सहित चार के खिलाफ फर्जी दस्तावेज और कूट रचित कुकृत्य के आरोप में मुकद्दमा दर्ज कराया गया। राजबहादुर सिंह कोरांव तहसील के पूर्व एसडीएम के रहमों करम पर कई मास बाद बहाल हो गए थे और बाद में जुआड़ फिट कर कानून गो मेजा तहसील में तैनात हो गया था। फिलहाल अब देखना यह है कि जिलाधिकारी प्रयागराज और एसडीएम कोरांव वर्तमान क्या उक्त कानूनगो आदि को कौन सा पद ग्रहण कराते हैं। किंतु सच यह है कि आज भी कई पट्टेदार अपना पट्टा ले ले कर अपनी भूमि खोज कर रहे हैं,क्योंकि राजस्व कर्मियों ने कई आवंटियों की जमीनें दूसरों के नाम फजीर्वाड़ा के जरिए कई बीघा जमीनें दर्ज करा चुके हैं जिसका और भी खुलासा शीघ्र होने वाला है। और ग्राम समाज की काफी जमीनें लोकल लेखपालों के चलते भू अतिचारियों से उच्च स्तरीय आदेशों के बावजूद खाली नहीं कराई जा रही है जिससे भूमि प्रबंधक समितियां लेखपालों के असहयोग के निष्क्रिय दिख रही हैं। आम जनों ने मुख्य मंत्री से उक्त घटनाओं समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया है।

## न्यूज झरोखा

### देवी जागरण का किया गया आयोजन एसपीओ टीम रही सम्मिलित



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के एन एस आई सी के सामने एसपीओ टीम के वरिष्ठ सदस्य शिव कुमार शुक्ला के आवास पर उनके पुण्य कर्मो के वशीभूत होकर माँ की प्रेरणा से मंगलवार को देवी जागरण का आयोजन धूमधाम से किया गया है। जिसमें सभी वैषणवजनों को सप्रेम आमंत्रित किया गया। जागरण कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नैनी यशपाल सिंह ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। वहीं चौकी प्रभारी संदीप यादव अपने हमराहियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहें। इस दौरान एसपीओ टीम प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, संगठन सचिव रविन्द्र सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, मीडिया प्रभारी विरेन्द्र पटेल, उप मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा, संजीव वर्मा, प्रदीप कुमार, दिनेश केसरवानी, अशोक केसरवानी, शुशील शर्मा, दीपक केसरवानी, राम जी जयसवाल आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### भेड़ कुचलकर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ा



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोसड़ा कला निवासी जीत बहादुर अपनी भेड़ चराने खवासका तारा जल निगम के पास ले गया था। इसी बीच मेजा के तरफ से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने एक भेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही भीड़ पलक ने मांडा चौराहे की ओर भाग रहा बुलोरो चालक का पीछाकर उसे पकड़ लिया। जहां मांडा चौराहा पर पहले से काफी भीड़ जमा होने के कारण चालक पकड़ा गया। फिर भी चालक भीड़ का फायदा उठाकर भागने की कोशिश करने लगा लेकिन मांडा खास काली मां चौराहे पर भीषण जाम के चलते भेड़ पालक ने चालक को पड़कर ग्रामीणों के हवाले कर दिया।सूचना पर मांडा थाने के एसआई शहनवाज आलम अपने हमराही के साथ पहुंचकर बुलोरा चालक को मांडा काली मां चौराहा से पकड़ कर थाने ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कार्रवाई में जुटी रही।

### नालेज प्वाइंट स्ट्डी सेंटर में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया



**प्रतापपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।इसी क्रम में नालेज प्वाइंट स्ट्डी सेंटर मुहीउद्दीनपुर में बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती पूजन, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य श्यामलाल पाल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ अजीत कुमार यादव एवं डॉ एस सिंह पटेल द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।विशिष्ट अतिथि डॉ अजीत कुमार यादव ने नेहरू जयंती के अवसर पर कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले नालेज प्वाइंट स्ट्डी सेंटर का योगदान सराहनीय है।नेहरू जी कहा करते थे कि बच्चे बगीचे के वह कली है जिसे एक माली की जरूरत होती है जो उनके भविष्य को संवारकर एक बेहतर नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।इसी तरीके से नेहरू जी हमेशा बच्चों को अच्छी शिक्षा को लेकर सजग और प्रगतिशील रहें और प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा पर हमेशा जोर देते रहे।डॉ अजीत कुमार यादव ने उपस्थित शिक्षकों एवं अभिवावकों से कहा कि बच्चों को हर हाल में शिक्षा ग्रहण कराएं क्योंकि शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं इससे हर सफलता आपके कदम चूमेगी बच्चे उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण करके परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण मे योगदान करते हुए नाम रोशन करेंगें।कार्यक्रम की अध्यक्षता भोलानाथ यादव एवं मान सिंह तथा संचालन अरिमर्दन सिंह पाल ने किया।इस अवसर पर शिक्षकों एवं आयोजकों में आदर्श सर, मनोज पटेल, डॉ दीपक, अच्छेलाल, मंजय, राहुल, आशीष, रविंद्र, दिनेश, एसबी लाल, एसएन, सुनील पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### महिलाओं को किया गया जागरूक बताया गया सुरक्षा का उपाय



**मऊआइमा।** महिला सशक्तिकरण के तहत राह चलती महिलाओं को महिला कांस्टेबल पूनम वर्मा, महिला कांस्टेबल संध्या यादव ने मऊआइमा थाना क्षेत्र में राह चलती महिलाओं को जागरुक किया।तथा तमाम सुरक्षा उपाय बताते हुए छेड़खानी, अश्लील हरकतें,राह चलते शोहदों की शिकायत तत्काल 1090 नम्बर को दें।यही नहीं किसी प्रकार की लोकलाज न करें। पुलिस उनका नाम गुप्त रखेगी।तथा आरोपी हर हाल में जेल जाएगा।

### झूंसी पुलिस टीम द्वारा दो वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**झूंसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त झुंसी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 योगेन्द्र कुमार सिंह व उ0नि0 जितेन्द्र कुमार राजपूत द्वारा मुखबिर की सूचना पर वारण्टी अभियुक्त देवीप्रसाद तिवारी पुत्र रमाशंकर तिवारी निवासी छिबैय को अभि0 के घर ग्राम छिबैया से किया गिरफतार वारण्टी अभियुक्त दीपू पुत्र रामकैलाश निवासी मलावा खुर्द थाना झुंसी जनपद प्रयागराज को उसके घर के सामने ग्राम मलावा खुर्द से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- उ.नि. योगेन्द्र कुमार सिंह, चौकी प्रभारी चमनगंज उ.नि. जितेन्द्र कुमार राजपूत, चौकी प्रभारी रहिमापुर, हे.का. ज्यूत बंधन सिंह का. अभिषेक कुमार सिंह रहे।

## दीपावली का महापर्व का अंतिम पर्व भाई दूज है


*खुशियों की शहनाई आंगन में बजे,*
*मेरे भाई के द्वार सदा दीपक से सजे,*
*ना हो कोई दुख उसके जीवन में,*
*बस कृपा हो तेरी भगवन सदा जीवन में।*



**जारी।** दिवाली के तीसरे दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है। हिन्दू धर्म में भैया दूज का विशेष महत्व है। इस पर्व को 'यम द्वितीया' और 'भ्रातृ द्वितीया' भी कहा जाता है। भारत के ज्यादातर हिस्सों में भाई दूज का त्योहार मनाया जा रहा है। ये त्यौहार रक्षाबंधन से थोड़ा अलग होता है। आज के दिन बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक लगाती हैं और उसके बेहतर भविष्य और लंबी आयु कि कामना करती है। भाइयों के प्रति बहनों के प्रेम और विश्वास का पर्व भाई दूज कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है। भाई दूज के दिन बहने नारियल भाई को देकर टीका करती है, टीका करने के बाद बहने भाई आरती करती है, बदले में भाई अपने बहन को गिफ्ट देती है। उत्तर भारत में अलग-अलग क्षेत्रों में कई अनोखी परंपराएं प्रचलित हैं, जिनका निर्वहन करते हुए बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करती हैं। भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। वह उससे बराबर निवेदन करती कि इष्ट मित्रों सहित उसके घर आकर भोजन करो। अपने कार्य में व्यस्त यमराज बात को टालता रहा। कार्तिक शुक्ला का दिन आया। यमुना ने उस दिन फिर यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर, उसे अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया।

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर दीघार्यु की कामना किया





**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** भाई दूज के पावन पर्व पर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाला हिन्दू धर्म के पवित्र पर्व को यम द्वितीया भी कहते हैं। भाईदूज में बहन गोवर्धन की विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत रोली एवं अक्षत से अपने भाई को तिलक कर उनके दीघार्यु कामना के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीष दी। इस अवसर पर आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि यम देवता ने अपनी बहन यमी (यमुना) को इसी दिन दर्शन दिया था जो बहुत समय से उससे मिलने के लिए उत्सुक थी। अपने घर में भाई यम के आगमन पर यमुना ने प्रफुल्लित मन से उनकी आवभगत की। जिस पर यम ने प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया कि इस दिन यदि भाई-बहन दोनों एक साथ यमुना नदी में स्नान करेंगे तो उनकी मुक्ति हो जाएगी। इसी कारण इस दिन यमुना नदी में भाई-बहन के एक साथ स्नान करने का बड़ा महत्व है। इसके अलावा यमी ने अपने भाई से यह भी वचन लिया कि जिस प्रकार आज के दिन उसका भाई यम उसके घर आया है। हर भाई अपनी बहन के घर जाए तो उसके ऊपर आप यानी यमराज का प्रकोप उस पर ना पड़े। शास्त्र के अनुसार बहन के घर जाकर भाई उसके हाथ का भोजन करे और नया वस्त्र देकर बहन की आरती उतारे ऐसी मान्यता शास्त्रों में उल्लेखित बताई गई है। तभी से भाईदूज मनाने की प्रथा चली आ रही है। इसी प्रकार सहसों सहित सिंगरामऊ, देवनहरी, रामनाथ पट्टी आदि गांव में बहनें जमीन को गाय के गोबर से लीप कर उस पर चावल के घोल से चौक बनाकर गोवर्धन की धूप दीप के साथ पूजा किया तथा साफ चौकी पर भाई को बैठा कर बहनो ने रोली का टीका अक्षत लगा कर आरती उतारी तथा मुंह मीठा करा कर दीघार्यु की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। तथा नई प्रथा में भाइयों ने इस अवसर पर बहनों को दक्षिणा स्वरूप द्रव्य व वस्त्र देकर उनको प्रसन्न करते हैं।

## भईया दूज पर लंबी उम्र के लिए बहनो ने किया भाई का तिलक

**मांडा।** विगत वर्षों की भांति इस बार तिथियों की घटबढ़ के कारण दीपोत्सव के पर्व छह दिवसीय हो गए हैं। दीप पर्व के छठवे और अंतिम दिवस बुधवार को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व भईया दूज मनाया गया। गौतरलब हो कि बुधवार को भईया दूज के पर्व पर बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भईया दूज के लिए दीपावली के बाद भईया दूज मनाने के पीछे भी किवदंती है। वहीं यमराज की बहन यमराज से मिलने के लिए काफी उत्साहित थी और उन्हें कई बार अपने घर आमंत्रित कर चुकी थी । यमराज के पास समय का अभाव होने के कारण वह अपनी बहन के घर नहीं जा पा रहे थे। उसी दिन यमराज ने अपनी बहन को कुछ देर का समय दिया और उनके घर पहुंचे। घर पहुंचने पर बहन ने यमराज का तिलक कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। तभी से यह पर्व भईया दूज के रूप में मनाया जाता है।



## बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक, लंबी आयु का मांगा आशीष

**प्रयागराज।** भैया दूज का पर्व बुधवार को मनाया गया। बहनों ने गणपति महाराज का पूजन करके भाइयों का तिलक किया और दीघार्यु व सुख समृद्धि कामना की। भैया दूज का पर्व तमाम बहनों ने मंगलवार की शाम से ही मनाना शुरू किया लेकिन बुधवार को इसे मनाने वालों की संख्या कहीं ज्यादा रही। बहनों ने भाइयों के दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए थाली में रोली, अक्षत, चंदन, मिष्ठान, पुष्प फल, लावा, पुष्प, सुपारी आदि सजाकर आरती की। भाइयों ने बहनों को यथाशक्ति उपहार भेंट किया।

## नैनी में बहनों ने तिलक लगाकर की भाइयों के दीघार्यु की कामना





**नैनी।** नैनी छह दिवसीय दीपोत्सव के अंतिम दिन बुधवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक यम द्वितीया, भैयादूज का पर्व श्रद्धा और परंपरागत रूप से मनाया गया। भैया दूज के पर्व को लेकर घरों और मंदिरों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर बहनों ने भाईयों के दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए थाल में अक्षत, रोली, चंदन, मिष्ठान, पुष्प, फल, दुर्वा और सुपारी सजाकर आरती की। भाइयों ने बहनों को यथाशक्ति उपहार भेंट किया। यम द्वितीया के निमित्त शाम को घरों में दक्षिणामुखी दीप प्रज्जवलित करके भाईयों के मंगलमय जीवन की कामना की गई।

# नर्स भर्ती परीक्षा 19 दिसंबर को प्रयागराज समेत यूपी के पांच जिलों में होगी प्रारंभिक परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने स्टाफ नर्स एलोपैथ (पुरुष/महिला) भर्ती-2023 के लिए प्रारंभिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा 19 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के पांच जिलों में आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे और मुख्य परीक्षा के आधार पर अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा पांच जनपदों प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर नगर और मेरठ में एक सत्र में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। स्टाफ नर्स के 2240 पदों पर भर्ती के लिए तकरीबन 90 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। कुल पदों में चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के तहत स्टाफ नर्स (पुरुष) के 171 और स्टाफ नर्स (महिला) के 2069 पद शामिल हैं। **ओटीआर किया गया है अनिवार्य :** परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 21 अगस्त 2023 से शुरू हुई थी। इस भर्ती परीक्षा के आवेदन के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य किया गया था। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी समय से ओटीआर नहीं कर सके थे, जिससे आयोग को आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ानी पड़ी थी। 19 दिसंबर को प्रस्तावित प्रारंभिक परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होगी और रिक्त पदों के मुकाबले 15 गुना अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया जाएगा। चयन मुख्य (लिखित) परीक्षा में प्राप्त अंकों और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ नर्सिंग (अराजपत्रित) सेवा (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2016 के नियम 15 (3) (ख) में प्राविधानित अंकों के कुल योग के आधार पर श्रेष्ठता (मेरिट) के अनुसार होगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्य न्यायाधीश ने आवास पर लगाई कोर्ट

#### एमिटी छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने का आदेश

**प्रयागराज।** विश्व विद्यालय में अनुपस्थिति कम होने के कारण परीक्षा में बैठने की अनुमति न देने के मामले में सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की अदालत ने छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने का आदेश जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश ने बुधवार को छुट्टी के दिन अपने घर पर कोर्ट लगाकर यह आदेश जारी किया है। एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा की छात्रा सानिया यादव ने अपने वकील डॉ. अवनेश त्रिपाठी के माध्यम से अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उसे बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जा रहा था। कोर्ट ने डॉ. अवनीश त्रिपाठी की सुनवाई के बाद एमिटी यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया कि वह छात्रा को कल परीक्षा में बैठने की अनुमति दें। हालांकि अदालत ने निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता का परिणाम मामले में अंतिम निर्णय का विषय होगा। मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

# मेजा ऊर्जा निगम द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

## समाज के वंचित वर्गों के विकास के लिए निगम कृत संकल्प : सुनील कुमार








**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** महान आदिवासी स्वतन्त्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम द्वारा बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ऊर्जा निगम के सौजन्य से परमसुख आदिवासी विद्यालय, धौखड़ के जनजातीय छात्रों को स्टेशनरी किट, खेल-कूद सामग्री तथा स्वेटर, छाते, इत्यादि का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त संगठन द्वारा आदिवासी छात्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विद्यालय को 02 नग वाटर कूलर तथा वाटर प्यूरिफायर भी प्रदान किया गया। जनजातीय क्षेत्र के बच्चों तथा वंचित वर्गों के अन्य सदस्यों के उत्थान के लिए समर्पित स्वयंसेवकों का भी इस अवसर पर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि राजमणि कोल, विधायक कोरांव ने मेजा ऊर्जा निगम के इस पहल की सराहना की तथा अपने आस-पास के समाज के विकास के लिए संगठन द्वारा संचालित विभिन्न सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। सुनील कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमयूएनपीएल) ने अपने संदेश में कहा कि समाज के वंचित वर्गों के सदस्यों के विकास के लिए मेजा ऊर्जा निगम सदैव कृत-संकल्प है। इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम की ओर से अखिल पट्टनयाक, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), शुभदीप सोम, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एल॰डी॰ पाण्डेय, उप प्रबन्धक (आर एंड आर), श्याम सिंह, सहायक प्रबन्धक (मानव संसाधन) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर की खुदकुशी, परिवार में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के लोकमनपुर गांव में एक युवक ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो बेटे का खून से लथपथ शव पड़ा था। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बुधवार को दोपहर में लोकमनपुर गांव निवासी प्रेमशंकर शुक्ल के पुत्र शिवम शुक्ल (26) ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। शिवम ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसका पता लगाने में पुलिस जुटी है। बताया जाता है कि पिता की लाइसेंसी बंदूक से उसने अपनी कनपटी पर गोली मारी है। घटना से परिवार में हाहाकार मचा हुआ है।



### पांच माह से खराब चल रही थी तबीयत

शिवम के पिता पहले होटल चलाते थे। इस समय किसानी करते हैं और घर पर ही रहते हैं। पिता ने बताया कि चार पांच महीने से बेटे की तबीयत खराब चल रही थी। उसका उपचार प्रयागराज में चल रहा था।

# एनएसएन पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** मेजा के मरहा गांव में स्थित पं॰ जगदम्बा प्रसाद इंटर मीडिएट कालेज एवं निर्मल शिक्षा निकेतन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया । मंगलवार को इस मेले में नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों और ग्रामीणों ने शिरकत किया। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले का आयोजन किया गया,जिसके माध्यम से लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य पं॰ इन्द्र देव मिश्रा ने बच्चों के प्रयास की प्रसंशा और सराहना की।साथ ही निर्मल शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य वागीश मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए नेहरू के जीवनी पर विस्तार से जानकारी देते हुए बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनके द्वारा किए गए क्रियाकलापों की सराहना की और उनका उत्साह वर्धन किया। बाल मेले के अवसर पर छात्र - छात्राओं ने दो दर्जन से अधिक स्टाल लगाए। जिसमें फूट स्टाल, पकौड़े स्टाल ,चाय स्टाल, पानी पूरी स्टाल,बदाम शेक स्टाल आदि व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई।जिनका विद्यालय प्रबंधक ने निरीक्षण किया। इस दौरान अभिभावकों और ग्रामीणों ने बच्चों को प्रोत्साहित कर सामानों की खरीददारी की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आशीष द्विवेदी समाज कल्याण अधिकारी ?( बलरामपुर) ने विद्यालय परिवार की इस मुहिम की सराहना की और बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इसकी कामना की। बाल मेले को सफल बनाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उप प्रधानाचार्या शालू मैम और सभी अध्यापकों पवन, सुशील, आराधना मैम, धर्मेन्द्र, शीबा मैम, मुस्कान मैम, वन्दना मैम,नाजमीन मैम , माही मैम , महेंद्र , अभिषेक और रामचंद्र मिश्र आदि के सहयोग की सराहना की।

## क्लिक एन बुक ऑनलाइन सेवा माध्यम

# घर बैठे स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री व पार्सल बुकिंग की सुविधा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** डाक विभाग ने अपने ग्राहकों के लिए के लिए क्लिक एन बुक ऑनलाइन सेवा की शुरूआत की है। इस सेवा का उपयोग कर ग्राहक घर बैठे पंजीकृत पत्रों, स्पीड पोस्ट पत्रों तथा पार्सल की बुकिंग कर सकते हैं। प्रयागराज जिले में वर्तमान में यह सुविधा प्रयागराज प्रधान डाकघर तथा कचहरी प्रधान डाकघर में उपलब्ध है। शीघ्र ही इसे अन्य डाकघरों में भी आरंभ किया जायेगा।उक्त उद्गार प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने प्रयागराज प्रधान डाकघर के विजिट के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान डाक निदेशक गौरव श्रीवास्तव, प्रवर डाक अधीक्षक अभिषेक श्रीवास्तव, सीनियर पोस्टमास्टर राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।पोस्टमास्टर जनरल

### प्रयागराज प्रधान डाकघर और कचहरी प्रधान डाकघर में आरंभ हुई क्लिक एन बुक की सुविधा, घर बैठे कर सकेंगे स्पीड पोस्ट और पार्सल



कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि नवाचार और नवीनतम टेक्नोलॉजी को अपनाकर डाक विभाग अपनी सेवाओं को निरंतर हाई-टेक और कस्टमर फ्रेंडली बना रहा है। प्रधान डाकघर में सुपर आधार केंद्र, पासपोर्ट, डाकघर निर्यात केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर जैसी तमाम नई सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में अब 5 किग्रा वजन तक के पंजीकृत पत्रों, स्पीड पोस्ट पत्रों तथा पार्सल की बुकिंग हेतु ग्राहकों को डाकघर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस सेवा का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को स्वयं को डाक विभाग के साथ पंजीकृत करना होगा।

### क्लिक एन बुक ऑनलाइन सेवा की प्रक्रिया

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि क्लिक एन बुक ऑनलाइन सेवा की सुविधा के लिए डाक विभाग की वेबसाइट पर ग्राहकों को स्वयं को पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। पंजीकृत करने के पश्चात ग्राहकों को यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन करके घर बैठे पंजीकृत पत्रों, स्पीड पोस्ट पत्रों और पार्सल बुकिंग की जा सकती है। इस सेवा के तहत एक बार में अधिकतम 5 पत्रों को बुक किया जा सकता है जिनका अधिकतम वजन 5 किग्रा तक हो सकता है। रुपये 500/- तक की बुकिंग चार्ज पर फ्री पिकअप सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी तथा रुपये 500/- से कम की बुकिंग पर पिक अप सुविधा के लिए रुपये 50/- का शुल्क देय होगा। प्रातः 09:30 से पहले बुकिंग करने पर 10:00 बजे से 13:00 बजे तक पिक अप किया जाएगा एवं प्रातः 09:30 के बाद बुकिंग पर 13:00 बजे से 16:00 बजे तक पिकअप किया जाएगा । 12:30 बजे के बाद बुकिंग पर पिक अप सुविधा अगले दिवस में उपलध कराई जायेगी।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने इस दौरान विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ स्वच्छता अभियान, समस्त अभिलेखों के समुचित रख-रखाव, विभिन्न सेवाओं से आम जन को जोड़ने, जन परिवाद के त्वरित निस्तारण और ग्राहकों के प्रति संवेदनशीलता पर जोर दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से लोगों के प्रति अच्छे व्यवहार की अपेक्षा की।

# नैनी में बनकर तैयार हो गई है यूपी की तीसरी सबसे बड़ी जेल

## अगले महीने होगी कैदियों की शिप्टिंग, जिला जेल नैनी क्षेत्र में 173 करोड रुपये की लागत से कुल 65 एकड़ भूमि पर बनाई गई है

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी में बनकर तैयार हो गई है यूपी की तीसरी सबसे बड़ी जेल। यूपी के प्रयागराज में चल रही नैनी सेंट्रल जेल में क्षमता से दो गुना ज्यादा कैदी बंद हैं। सीएम योगी ने इसका बोझ कम करने के लिए निर्देश दिए थे जिसके बाद शुरू हुए बदलाव का असर अगले महीने से दिखेगा। अगले महीने से कैदी नैनी की जिला जेल में शिफ्ट किए जाएंगे। ये जिला जेल यूपी की तीसरी सबसे बड़ी जेल है। 2800 कैदियों को रखने की क्षमता वाली प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी जिला जेल अब प्रयागराज के नैनी में




बनकर तैयार हो गई है। इसमें कैदियों को शिफ्ट करने का काम अगले महीने यानि दिसंबर से शुरू किया जाएगा।प्रयागराज में बनी जिला जेल नैनी क्षेत्र में 173 करोड रुपये की लागत से कुल 65 एकड़ भूमि पर बनाई गई है। इस जेल में बारिश के पानी का संचयन, सीवेज उपचार संयंत्र और यहां तक कि महिला कैदियों के छोटे बच्चों के लिए क्रेच की सुविधाएं भी रहेंगी। प्रयागराज की सेंट्रल जेल में 2,060 बंदियों को रखने की क्षमता है। लेकिन इस जेल में क्षमता से कहीं अधिक 4,263 कैदियों को रखा जाता है। इस जेल को अब दिसंबर से कैदियों के बोझ से राहत मिलने जा रही है। नैनी सेंट्रल जेल से कुछ कैदियों को अब इस नवनिर्मित नैनी जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यह काम दिसंबर 2023 से शुरू होगा।

### भाजपा नेता पर कातिलाना हमला बाल बाल बचे...गोली बगल से निकली

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के भाजपा के एक स्थानीय नेता का आरोप है कि उसके पिछे काफी दिनों से लोग पडे हैं।पहले धान चोरी किए फिर रात में उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। जिससे वह बाल बाल बच गए तथा लाठी डंडा कुल्हाड़ी से मारे। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांका जलालपुर निवासी शम्भू नाथ पुत्र स्वर्गीय शिवभजन स्थानीय भाजपा नेता है। शम्भू नाथ का आरोप है कि पहले उनका पांच बोरी धान चोरी किया गया। आरोप है कि देर रात उनकी हत्या करने की नीयत से उनके ऊपर उस समय गोली चला दी गई ।जब वह मशीन वाले कमरे में सोए थे किसी तरह वह बाल बाल बच गए । उसके बाद उन्हें लाठी डंडा कुल्हाड़ी से मार कर जख्मी कर दिए। शम्भू नाथ ने मऊआइमा थाने में दो नामजद तीन अज्ञातों के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है तथा जख्मी को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया है।

# ...दो विभागों के चक्कर में नहीं जल पा रही है राजमार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइट

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** प्रयागराज से प्रतापगढ़ आने जाने वाली हाइवे को बने वर्षों गुजर गए। गाड़ियां भी फरार्टे भर रही है। लेकिन सोरांव क्षेत्र में मलकिया से भावापुर गांव तक लगभग 2 किलो मीटर तक राहगीरों के सुविधा के लिए हाईवे विभाग द्वारा लगाई गई दर्जनों स्ट्रीट लाइटों का कनेक्शन बिजली विभाग से अभी तक नही लिया गया है। जिसके कारण सूर्यास्त होने के बाद सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। तथा अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। लोगों का मानना है कि लाइट का कनेक्शन हो जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। तथा अक्सर होने वाली छिनैती, चोरी, सहित अन्य अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। तथा वहीं स्थानीय दुकानदारों की माने तो तीन माह पहले हाईवे विभाग वालों ने विद्युत केबल जोड़कर स्ट्रीट लाइट जलवा

### लोगों ने किया विभाग से लाइट जलवाने की मांग



दिए थे। जिससे लोगों को चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। विद्युत विभाग के लोगों को पता चला तो कनेक्शन काटकर केबल उठा ले गए। जिससे व्यापारियों सहित स्थानीय दुकानदारों में रोष व्याप्त है। जबकि शिवगढ़ चौराहा पर एक बड़ी प्राचीन सब्जी मंडी भी किसानों और व्यापारियों द्वारा लगाई जाती है। ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य, अवधेश कुशवाहा, श्यामा वाटिका और शिवगढ़ गेस्ट हाउस के संचालक राजेश कुशवाहा, शंकर जायसवाल, न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर उदय पटेल,व्यापार मंडल अध्यक्ष लाल चंद्र पटेल,हाजी इलियास खान, पवन पाल, जिला पंचायत सदस्य व जिला अध्यक्ष बाबा वाहिनी समाजवादी पार्टी खिन्नी लाल पासी, अधिवक्ता राजेश कुमार पत्रकार,शिव प्रसाद पासी, मुन्ना पहलवान संग दर्जनों लोगों ने जल्द से जल्द हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइट को जलवाने की विभाग से मांग किया है।

जेई बिजली विभाग शैलेंद्र कुमार कनौजिया ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग वालों ने अभी बिजली का कनेक्शन नहीं लिया है। जिस कारण लाइट नहीं जल रही है।

# बहनों का आशीर्वाद ही मेरी शक्ति है : योगेश शुक्ल



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** देश की हर एक बहन अपने भाई के लिए संसार की सबसे बड़ी शुभ चिंतक होती है बहनों का आशीर्वाद ही मेरी शक्ति है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने बुधवार को भइया दूज के अवसर पर बलापुर ग्राम पंचायत में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित बहनों के बीच पहुंच कर तिलक लगवाकर आशीर्वाद लेते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज से हमारे और बलाँपुर की बहनों के बीच अटूट विश्वास का पवित्र रिश्ता बन गया है। सैकड़ों बहनों का स्नेह और आशीर्वाद मिला है जिसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा। श्री शुक्ल ने कहा कि देश की हर एक बहन अपने भाई के लिए सबसे बड़ी शुभ चिंतक होती है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि बहनों का आशीर्वाद ही मेरी शक्ति है। भाजपा नेता श्री शुक्ल ने टीका और आशीर्वाद कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बालापुर की ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ महिला शाखा की अध्यक्षा नीलम पथिक का आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र त्रिपाठी राजेन्द्र शुक्ल हरिमोहन पांडेय राजेन्द्र पथिक फूलकली उजाला पथिक कल्पना ममता फूलकली सीता देवी पुष्पा देवी गुलाब कली सविता रीता देवी सुनीता देवी उर्मिला देवी राजकुमारी सरोज गुड्डी देवी सुमन देवी नंदलाल शर्मा अनूप शुक्ल आशीष मिश्रा नरेन्द्र विश्वकर्मा हरिकांत पांडेय विष्णु प्रताप उर्फ भोले सिंह सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### धूमधाम से बहनों ने मनाया भैया दूज ,भाई की लंबी उम्र की कामना की

**मेजा।** भैया दूज का पर्व ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनाया गया। जहां बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की तो भाइयों ने भी उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लेते हुए उपहार भेंट किया।मान्यता है कि



दीपावली के बाद भाई दूज के दिन ही यमराज ने अपने बहन यमी के घर का रुख किया था। जहां पर यमराज की बहन यमी ने उनके माथे पर तिलक लगाकर उनकी सलामती के लिए दुआ मांगी थी। एक अन्य दंत कथा के अनुसार भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध करने के बाद अपनी बहन सुभद्रा के घर का रुख किया था। जहां पर कृष्ण की बहन सुभद्रा ने दिए जलाकर भाई का स्वागत किया था और तिलक लगाकर उसकी लंबी उम्र की दुआ मांगी थी। भाई के लंबी उम्र की कामना हर बहनों के मन व दिलों में सदियों से रही है। भाई बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। बहनों ने जहां भाइयों को टीका लगाया वहीं,भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए।ऐसा माना जाता है कि दीपावली का पर्व इस त्योहार के बिना अधूरा है।

# बहुओं के साथ रात गुजारने वाले दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** प्रगतिशील महिला संगठन व अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के एक जांच दल बुधवार के दिन घूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पूरेखंगन का दौरा कर गांव के दबंग पशु चिकित्सक की अभद्रता की जांच की। जांच दौरान सैकड़ों महिलाओं और पुरुष, नौजवान व बुजुर्गों ने एकत्र होकर दुर्व्यहार की गाथा का बयान किया। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। जांच दल ने बताया कि जांच में पता चला कि पूरेखंगन गांव में हाल में सम्पन्न दुर्गा पूजा के दौरान आपसी विवाद से क्रोधित आरोपित एक दबंग ने गांव के सैकड़ों साल पुराने मां काली चौरा पर अपना मालिकाना हक का दावा ठोक दिया। और गांव वालों के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए मांग की कि, जो भी नवविवाहित बहु शादी के बाद चौरा पर पूजा करने जाएगी उसे पहली रात उसके साथ गुजारनी पड़ेगी। परम्परा है कि काली मां चौरा को, जो

### प्रमसा की टीम पहुंची पूरेखगन

#### सैकड़ों ने की शिकायत, रपट न लिखने पर संघर्ष की तैयारी भरी हुंकार



एक सामुहिक स्थान है, सभी नवविवाहित व और ग्रामवासी ग्राम देवी के रुप में पूजते हैं। लोगों ने बताया कि आरोपित का घर गांव के आम रास्ते पर है और जब भी महिलाएं गुजरती हैं तो ये अकारण ही अपशब्दों का इस्तेमाल करता है और बुरी नजरों से उन्हें देखता है। गरीबों को मारने, पीटने और महिलाओं के साथ दुर्व्यहार की छोटी मोटी घटनाएं इसके आम व्यवहार का हिस्सा है। इस पृष्ठभूमि में इस घटना को लेकर गांव के लगभग सौ लोगों ने थाना घूरपुर में 11 नवम्बर को लिखित शिकायत दी पर थानेदार संजीव कुमार चौबे ने कार्यवाही करने की जगह गांव में एसआई को भेजकर समझौता कराने का प्रयास किया। घूरपुर थाना प्रभारी के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा। इन संगठनों के हस्तक्षेप के बाद मामला गरमा गया है। इसके वावजूद भी कार्यवाई नही की गई तो स्थानीय प्रशासन के गले की फांस बन सकती है।ग्राम सभा के आक्रोशित महिला व पुरुषों ने यह निर्णय लिया है कि यदि कोई प्रशासनिक कार्यवाही आरोपित के खिलाफ नहीं होती है तो वे 17 नवम्बर को सभा करके संघर्ष को आगे बढ़ायेंगे। प्रमस ने योगी शासन में इस मनुवादी उत्पीड़न की निंदा की और सख्त कार्रवाई की मांग की है। बैठक में ग्राम सभा के यज्ञभान सिंह, राम शिरोमणि, संतोष सिंह, सुशील सिंह, रघुराज सिंह, आर.डी. पटेल, फूलकली देवी, ननकई, रानी देवी, कुलवंती देवी, व अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। साथ ही जांच दल सदस्य प्रगतिशील महिला संगठन की शबनम, सरस्वती देवी, एआईके एमएस के विनोद निषाद आदि रहे।

# प्राइवेट बस बाइक सवार को बचाने मे अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक यात्री की मौत

## 18 घायलों में 10 को किया गया रिफर, घटना स्थल तिलौरी मोड़ पर लगा रहा जाम

अखंड भारत संदेश

**परियावां/प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ से सवारी लेकर कुंडा आ रही प्राइवेट बस बुधवार की सुबह तिलौरी मोड़ नहर के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई पेड़ से टक्कर लगते ही एक यात्री की मौत हो गई तथा डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गये जिनमें से 10 यात्री गंभीर हैं जिन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है। यात्रियों मे चीख पुकार मच गई आस पास के लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े घटना की जानकारी मिलते ही कुंडा कोतवाल कमलेश पाल एस डीएम कुंडा भरत राम सीओ अजीत सिंह भारी संख्या मे पुलिस बके साथ घटना स्थल पर पहुंचर्क घायलों को उपचार के लिए भेजते हुए आवागमन किसी तरह बहाल कराया सड़क दुर्घटना मे घायलों की चीख पुकार मची रही।

घटना की जानकारी मिलते ही बाबागंज विधायक बिनोद सरोज अपने समर्थको के साथ घटना पर



घायलों का हाल-चाल लेते बाबागंज विधायक विनोद सरोज।

पहुँचे और सभी घायल यात्रियों को उपचार के लिए सीएचसी कुंडा भेजा, जहां से गंभीर रूप से घायलों को स्वरूपरानी प्रयागराज के लिए रिफर कराकर भेजा। बस मे सवार यात्री रामदास प्रजापति राजा का पुरवा निवासी थाना महेशगंज गज की मौत हो गई।

घायल यात्रियों मे विमलेश पुत्र छोटेलाल (26) वर्षीय पटना नहर चैराहा, सभाऊ पुत्र वृजपाल (55) वर्षीय निवासी मोहनगंज, नुजरा बेगम पत्नी मो0 रफीक (55) वर्षीय निवासी प्रतापगढ़, मिथिलेश श्रीवास्तव पुत्र लालता, आदर्श त्रिपाठी पुत्र प्रभाकर (26) वर्षीय निवासी किसुनी का पुरवा महेशगंज, कमलेश कुमार यादव पुत्र जोखूराम (50) वर्षीय, दिनेश सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह, शीलवती पत्नी प्रभात (42) वर्षीय, अरुणेश दुबे पुत्र जयचंद दुबे (55) निवासी मानिकपुर, रामदास (70) वर्षीय निवासी महेशगंज, रामखेलावन पुत्र गंगा निर्मल निवासी डेरवा बाजार प्रतापगढ़, डा0 मैथलीशरण, अमृतलाल पुत्र राजू दुबे (35) वर्षीय निवासी महेशगंज, अनन्या दुबे पुत्र गौरेश दुबे, मीरा देबी पत्नी करुणेश, वासदेव पुत्र बैजनाथ निवासी महेशगंज व प्रभावती है। सड़क दुर्घटना मे 17 लोग घायल हो गये जिसमें गंभीर रूप घायल अमृतलाल व जाकिर हुसैन सहित बाकी अन्य को एसआरएन प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल रामदास प्रजापति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी व घायलों का हाल चाल लेने डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया सड़क हादसे की खबर मिलते ही जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भईया भी अस्पताल पहुँचे और हर संभव मदद व उपचार कराने का निर्देश दिया।

## कार बाइक की भिड़न्त में दो घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां/प्रतापगढ़।** लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे के थाना नवाबगंज के सैफू का पुरवा गांव के सामने काली धाम के पास लखनऊ की तरफ से प्रयागराज को जा रही कार व आलापुर की तरफ से नवाबगंज की ओर जा रही बाईक की आमने सामने भिड़न्त होने से बाईक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये सूचना पर पहुंची नवाबगज पुलिस घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। घटना के बारे मे जानकारी करने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि बाईक सवार युवक राहुल यादव पुत्र ज्ञान सिंह (25) वर्षीय निवासी कोटरा बहादुरगंज थाना ऊंचाहार रायबरेली व अच्छेलाल पुत्र उधव राज यादव (30) वर्षीय निवासी संग्रामपुर थाना नवाबगंज प्रतापगढ़ बाईक से किसी काम से राहुल के साथ जा रहे थे कि थाना क्षेत्र के सैफू का पुरवा गांव के सामने लगभग चार बजे प्रयागराज को जा रही कार से आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो गई जिसमे बाईक सवार दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी कालाकांकर उपचार के लिए भेजा गया जंहा चिकित्सको ने अच्छेलाल पुत्र उधव राज को एसआरएन प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया और राहुल यादव पुत्र ज्ञान सिंह के फैक्चर होने पर उपचार करके प्राइवेट इलाज कराने की बात कह कर परिजन साथ मे ले गये कार के क्षतिग्रस्त होने से थाने मे खड़ी कर दी गई है। घटना के बाद कार मे सवार सभी लोग सुरक्षित बच गये।



एएसपी का स्वागत करत आयोजकगण।

# अभविप ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

## कार्यक्रम में एएसपी हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभिन्न नगर इकाइयों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रुप में मनाई गई। सरोजनी इंटर कालेज में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र मौजूद रहे। इस दौरान एएसपी, सुधांशु रंजन, डा0 राजेश भट्ट, डा0 स्कंद तिवारी ने मां सरस्वती, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पार्चण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि एएसपी ने कहा कि आज पूरा देश श्रद्धा व सम्मान के साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मना रहा है। आज हम सभी देश के महान सपूत, महान क्रांतिकारी, भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हैं। आज भारत की आदिवासी परम्परा के गौरव का दिन है। डा0 स्कंद नारायण तिवारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल हमारी राजनीतिक आजादी के महानायक नहीं थे, वो हमारी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, ऊर्जा के संवाहक थे। इस अवसर पर रमेश पटेल, अमित देव, अमरमणि मिश्रा, शिवांग श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## दबोचे गये दो वारण्टी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व तोडफोड के दर्ज मुकदमें में फरार दो वारण्टियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे गश्त के दौरान मारपीट व तोडफोड के मुकदमें के वारंटी देल्हूपुर निवासी सफीक पुत्र इब्राहिम व आसमां बेगम पत्नी सफीक खॉन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## भाजपा नेता को पितृ शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार मयन बहादुर सिंह के भतीजे सहोदरपुर पूर्वी के पूर्व सभासद, रिटायर रेल कर्मी भाजपा नेता संजय सिंह के पिता समाजसेवी मलय सिंह का मेदांता में इलाज के दौरान भोर में निधन हो गया। यह समाचार सुनकर सहोदरपुर स्थित उनके आवास पर आज उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य सहित अनेक लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खाद की कालाबाजारी पर हंगामा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय किसानों को डीएपी की सख्त आवश्यकता है लेकिन घोटाला करके खाद बेचने का आरोप सचिव पर लगा है। महदहा गांव समिति के सचिव लालमणि सरोज के ऊपर खाद वितरण में रसूखदारों को वरीयता देने में बेचने का आरोप लगाते हुए कंजा सराय गुलामी स्थित समिति पर खाद लेने के लिए कतार में लगे किसानों नें बवाल काट दिया। किसानों का आरोप है कि सचिव गोदाम की खाद को रसूखदारों को दे रहे हैं जबकि छोटे किसानों को खाद पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। गोदाम पर कुछ लोगों को 10-20 बोरी खाद बिना आधार के ही दी जा रही जबकि छोटे किसानों को भगा दिया जा रहा। सचिव पर आरोप है कि जब किसान खाद वितरण में अनियमितता के खिलाफ आवाज उठाने लगे और नियमानुसार वितरण की बात करने लगे तो सचिव गोदाम बंद कर चलता बने। पूरे घटना के बाबत जब सचिव से बात कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन बंद पाया गया।

## मोक्ष धाम में चोरों ने उड़ाए नगदी व सामान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बेल्हा देवी पुराने पुल के बगल स्थित मोक्ष धाम (श्मशान घाट) में बने कार्यालय में बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर दान पाल के अंदर रखा तीन हजार रुपये व सीलिंग फैन उठा ले गये। सुबह इसकी जानकारी हुई तो क्षेत्र में चर्चा हुई। मोक्ष धाम (श्मशान घाट) के अध्यक्ष पंकज कौशल ने नगर कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी है।

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होना देश के लिए गर्व की बात: अपर पुलिस अधीक्षक

## सरोजनी इंटर कालेज में आयोजित हुई विज्ञान एवं कला प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर स्थित सरोजिनी इंटर कॉलेज कुसमी प्रतापगढ़ में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय के बच्चों द्वारा किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में नन्हे नन्हे बच्चों ने अत्यंत ही उत्साह के साथ बढ़ चढ़ के भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमारे समाज में कल और प्रतिभा के क्षेत्र में कार्य करने वाले विद्यार्थियों की आवश्यकता है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश भट्ट ने विद्यालय



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र।

के बच्चों द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की उन्होंने कहा कि विज्ञान की शिक्षा के बिना जीवन का विकास संभव नहीं है प्रधानाचार्य महोदय ने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए उनका उत्साह वर्धन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत विश्वविद्यालय संयोजक रमेश सिंह पटेल ने कहा की मिसाइल मैन कहे जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम भी इसी प्रतिभा के धनी थे बच्चों को उनके संघर्ष और उनकी विचारधारा को पढ़ने की आवश्यकता है। विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रतिभावान छात्रों में कक्षा-6 की कैप्टन तनुजा भट्ट द्वारा स्मार्ट सिटी बनाया गया तो वही कक्षा-7 के छात्र नैतिक द्वारा एयर पॉल्यूशन कक्षा-8 की छात्रा प्रतीक्षा द्वारा सोलर इलेक्ट्रिक न्यूक्लियर क्लिप्स बनाया गया कक्षा-10 के छात्र श्रेयांश राय द्वारा राम मंदिर का मॉडल प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक वे शिक्षिकाएं उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षक विनीत जी द्वारा किया गया।

# श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह का रोचक प्रसंग सुन भक्तिभाव में झूमे श्रद्धालु

## असैनापुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भक्तों की उमड़ रही भीड़

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के असैनापुर गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास पं. शेषधर मिश्र अनुरागी महराज ने कथा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपन के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उद्धव-गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरू बनाना, द्वारिका की स्थापना तथा रूक्मणी विवाह को बहुत ही रोचक ढंग से बताया।

कथाव्यास पं. शेषधर मिश्र ने बताया कि पंचगीत भागवत के पंचप्राण हैं जो भगवान श्रीकृष्ण के इन पंचगीतों को सच्चे मन से गाता है भगवान श्रीकृष्ण उसे भवसागर से पार लगाते हैं। कथा प्रसंग में कथा व्यास ने बताया कि महारास लीला में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आवाहन किया। इस लीला के द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने बताया कि जीव औ ब्रहम के मिलन को ही महारास कहते हैं। कथा के दौरान सुन मुरली की तान, दौड़ आयी सांवरिया जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्तिभाव में झूमते दिखे। श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह की कथा के दौरान अद्भुत झांकी भी निकाली गयी। राधेकृष्ण के संकीर्तन से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजकुमार शुक्ल व सुषमा शुक्ला ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर पं. सुधीर मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, कृष्ण कुमार, कुलदीप मिश्र, कमल मिश्र, प्रभाकर मिश्र, अरूण शुक्ल, अनिल शुक्ल, मनोज, मनीष, शरद मिश्र, अंजनी आदि मौजूद रहे।

## जख्मी बंदर को स्टेशन मास्टर ने कमरे में किया बंद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बीती रात मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर बिजली तार के संपर्क में आने से एक बंदर जख्मी हो गया। आवारा कुत्तों से बचाने के लिए यात्रियों की मदद से उसे आउट डोर स्टेशन मास्टर दफ्तर में बंद कर दिया गया। सुबह उसे वन विभाग वाले ले गए। जानकारी के अनुसार ओची तार से झटका लगने के बाद बंदर ट्रैक पर गिर गया। उसी समय ट्रेन आ गई। जिससे उसके पैरों की उंगलियां कट गई। दर्द से तड़प रहे बंदर पर प्लेटफार्म पर निर्दुद घूम रहे आवारा कुत्तों पर पड़ी। वे उसे काटते इससे पहले ही यात्रियों की मदद से आरपीएफ ने उसे दफ्तर में बंद कर दिया। बुधवार को सुबह आरपीएफ ने वन विभाग वालों को बुलाया। उप निरीक्षक मंजीत डबास ने बताया कि जख्मी बंदर को वन विभाग वाले ले गए।



भैया दूज का त्योहार मनाते छोटे-छोटे बच्चे।

# जिले में हर्षोल्लासपूर्वक मना भैया दूज का त्योहार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भैया दूज पर आज जहां छोटे-छोटे बच्चों ने एक दूसरे को टीका लगाकर बहनों ने भाई की पूजा अर्चन की, वहीं दूरदराज रह रहे भाई-बहन भी एक दूसरे से मिलने आए।

इस अवसर पर भैया दूज का त्योहार हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। दीपावली के तीसरे दिन पड़ने वाले इस त्योहार पर जहां भाई-बहनों के लिये खास माना जाता है, वहीं कायस्थ समाज आज चित्रगुप्त की पूजा अर्चना करता है। व्यापारी वर्ग अपना नया बही खाता साल भर के लिये खोलता है। आज बैंक व अस्पताल खुले जरुर, लेकिन यहां संख्या बहुत कम रही। इन स्थानों पर भी आज भीड़ कम रही। वास्तव में दीपावली के दूसरे दिन पड़ने वाला भैया दूज का त्योहार लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था।

# सड़क निर्माण में डीएम से अनियमितताओं की जांच की उठी मांग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सडक निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने आक्रोश जताया है। बुधवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर निर्माण कार्य में लापरवाही एवं अनियमितताओं की जांच कराए जाने की मांग उठायी है। इस पर लालगंज एसडीएम लालधर सिंह यादव ने सिंचाई खण्ड के अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखकर स्थलीय परीक्षण कराए जाने को कहा है।

लालगंज बाजार से लगी लखनऊ वाराणसी नेशनल हाइवे के राजेन्द्र नगर चैराहे से संगम चैराहे तक नहर पर पिच मार्ग का पुर्ननिर्माण कार्य चल रहा है। राजेन्द्र नगर से घुइसरनाथ होते हुए संगम चैराहे तक सिंचाई विभाग द्वारा पांच मीटर पक्की सड़क का पुर्ननिर्माण कराया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लोगों की मांग पर

### रूरल बार के अध्यक्ष ने डीएम को लिखा शिकायती पत्र

शासन से इस नहर पिच मार्ग के पुर्ननिर्माण कराये जाने को लेकर पत्र लिखा था। इस बीच शिक्षक विधायक एवं दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के चेयरमैन उमेश द्विवेदी की अगुवाई में विधान परिषद सदस्यों की विधायी समिति ने भी इस पिच मार्ग का निरीक्षण किया था। पिच मार्ग के खराब देख कमेटी ने भी गहरी नाराजगी जतायी थी। शासन द्वारा नहर पटरी मार्ग के पुर्न निर्माण के लिए सिंचाई विभाग को धनराशि आवंटित हुई। कार्यदायी संस्था द्वारा इस पर निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम को लिखे शिकायती पत्र में कहा है कि सड़क निर्माण में गिटिटयां मानक के अनुरूप नहीं बिछायी जा रही है। उन्होंने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण एजेन्सी द्वारा लापरवाही तथा मानक के विपरीत अनियमितता बरती जा रही है। उन्होनें डीएम से निर्माण कार्यो में अनियमितताओं की टीएसी जांच कराये जाने की मांग उठाई है। रूरल बार के अध्यक्ष के पत्र पर एसडीएम लालधर सिंह यादव ने बुधवार को अधिशाषी अभियंता सिंचाई को पत्र लिखकर स्थलीय निरीक्षण व गुणवत्तापरक सड़क निर्माण सुनिश्चित करने को कहा है। बतादें कि घुइसरनाथ रोड से भी गुजरने वाली यह नहर पटरी मार्ग लालगंज बाजार के लिए बाईपास की भी बड़ी सुविधा भी लिये हुए है।

# तालाबी अराजी की जमीन हुई पुन: बहाल, कोर्ट ने सुनाया फैसला

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। एसडीएम कोर्ट ने तालाबी अराजी की जमीन पर अवैध कब्जे को निरस्त कर उसे पूर्ववत तालाब के खाते में दर्ज किये जाने का फैसला सुनाया है। चार बीघा सात विस्वा सोलह धूर तालाबी अराजी की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम कोर्ट के फैसले से हडकंप मच गया है।

लालगंज तहसील के रायपुर तियांई में तालाबी अराजी की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मण्डलायुक्त प्रयागराज से ग्रामीणों ने की थी। तहसील के अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी के साथ ग्रामीणों ने आयुक्त को तालाबी अराजी की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज करायी थी। मण्डलायुक्त ने पिछले 2016 में सात नवंबर को प्रकरण में जांच के आदेश पारित किये थे। लालगंज तहसीलदार ने पिछले 2017 में तीस नवंबर को कोर्ट को जांच आख्या सौंपी। तहसीलदार की जांच में शिकायत सही पायी गयी थी। सूत्रों के मुताबिक कुछ अतिक्रमणी तालाबी अराजी की जमीन पर अवैध निर्माण भी शुरू करा चुके थे। कोर्ट में सहायक शासकीय अधिवक्ता शिवाकांत शुक्ल ने सरकार के पक्ष को रखा। वहीं शिकायतकर्ता अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने भी बहस करते हुए अदालत में तालाबी अराजी से जुडे अभिलेख रखे। एसडीएम लालधर सिंह यादव ने मामले की सुनवाई में अवैध अतिक्रमण को निरस्त करते हुए तालाबी अराजी की जमीन पूर्ववत अभिलेखों में तालाबी खाता दर्ज कराए जाने का आदेश पारित किया।

## मृतक के परिजनों को सौंपी गयी सहायता राशि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत में तैनात रहे स्वच्छताकर्मी के निधनोपरान्त बुधवार को साथियों ने मृतक के परिजनों को सहायता राशि सौंपी। नगर पंचायत के सलेम भदारी वार्ड के दुखछोर का पुरवा निवासी गिरधारी वर्मा स्वच्छताकर्मी के रूप में सेवारत था। दो माह पूर्व अचानक हृदयगति रूकने से गिरधारी की मौत हो गयी। बुधवार को चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में स्वच्छताकर्मी तथा कार्यदायी संस्था के लोग मृतक के घर पहुंचे।




रेलवे स्टेशन पर लगी सेफ्टी प्वाइंट मशीन

# रेलवे स्टेशन पर लगी सेफ्टी प्वाइंट, यात्रियों की लगी भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बड़े रेलवे स्टेशनों की तर्ज पर आज बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-1 पर सेफ्टी प्वाइंट की एक बड़ी मशीन रखी गई है। इस सेफ्टी प्वाइंट मशीन में यात्रियों की सुरक्षा के उपाय दर्शाए गये हैं। इसके अलावा नया भारत का भी इसमें जिक्र किया गया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जहां फोटो लगी है, वहीं कोरोना वैक्सीन की भी फोटा है। इस सेफ्टी प्वाइंट को देखने के लिये आज रेल यात्रियों की भीड़ लगी रही।

# रामलीला कलाकार के पिता के निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामलीला कलाकार के पिता के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रामलीला कलाकारों व क्षेत्र के लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर गहरी संवेदना जतायी। कटरा छतरधारी लीलापुर निवासी श्याम तिवारी रामलीला कलाकार हैं। वे आदर्श रामलीला परसीपुर सिंधौर, दूल्हेपुर तथा जय मां वीणावादिनी रामलीला समिति हण्डौर में मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का किरदार निभाते हैं।

उनके पिता पं. सूर्य नारायण तिवारी 90 का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी होने पर हण्डौर में चल रही रामलीला का एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं रामलीला समिति के बबलू वर्मा, लक्ष्मीकांत दुबे, शिवसम्पत वर्मा, अंकित तिवारी, राजेश दुबे, भारत लाल कनौजिया, रंजन कुमार, राजकुमार दुबे, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, माताफेर सिंह, गयादीन, शिवशंकर तिवारी, राजेश्वर गिरि, डा. सच्चिदानंद तिवारी आदि ने संवेदना जतायी है।

# रेलवे लाइन पर दो टुकड़ों में मिला युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर दो टुकड़ों में युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई,ग्रामीणों ने सुबह रेलवे लाइन पर युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के निधियावा गांव के पास बुधवार को रेलवे लाइन पर एक युवक का सर और धड़ अलग अलग दो हिस्सो मे पड़ा हुआ था,सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया,ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना पर कोखराज थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई,पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है।



## सराय अकिल कस्बा चावल मंडी में अतिक्रमण से निकालना हुआ मुश्किल

**सराय अकिल कौशांबी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बा चावल मंडी में दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया, राहगीरों से रोजाना वाद विवाद मारपीट होती रहती है दुकानदारों का चावल मंडी में बोलबाला है आम जनता को दिक्कत हो रही है दो दोपहिया वाहन को आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है नगर प्रशासन इस और ध्यान न देकर अतिक्रमण करने वालों का मनोबल बढ़ा रही है बता दे कि सराय अकिल कस्बा चावल मंडी में दीपावली त्यौहार समाप्त होने के पश्चात भी दुकानदारों ने सड़कों पर अतिक्रमण नहीं हटाए जिससे रोजाना अच्छी खासी जाम बनी रहती है इन दुकानदारों पर नगर प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो रही जिससे इन लोगों का मनोबल बढ़ा हुआ है जहा सराय अकिल कस्बा चावल मंडी में हजारों लोग रामलीला देखने के लिए बैठते थे वही आज पैदल चलना भी दुश्वार हो गया राहगीर व दुकानदारों से आए दिन मारपीट होती रहती है जिला अधिकारी को आकृष करते हुए चावल मंडी से अतिक्रमण हटाने की लोग मांग कर रहे हैं।

## महिला ने युवक का काट लिया गुप्तांग

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में पड़ोसी से विवाद के दौरान महिला ने युवक के गुप्तांग पर ही चाकू चला दिया जिससे युवक गंभीर घायल हो गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर कर दिया गया पुलिस ने परिजनो की शिकायत पर महिला को गिरफ्तार कर लिया और जांच में जुट गई है। घटना के पीछे बड़ी कहानी की चर्चा हो रही है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सरीफपुर गांव की एक महिला का पड़ोस के युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया,विवाद के दौरान महिला ने युवक के प्राइवेट पार्ट पर चाकू से वार कर दिया,चाकू लगने से युवक के प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोट आ गई,खून बहता देख उसके परिजन दौड़े और पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए जिल अस्पताल भेजा जहा से उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। वहीं इस घटना के बारे में सीओ मंझनपुर अभिषेक कुमार ने बताया कि परिजनो की तहरीर पर महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है,चाकू बरामद कर लिया गया है,महिला से पूछताछ की जा रही है,जो भी तथ्य सामने




**युवक गंभीर घायल महिला गिरफ्तार, घटना के पीछे बड़ी कहानी से नहीं किया जा सकता इनकार**

आएंगे उसके आधार पर कार्यवाई की जायेगी। इस मामले में महिला ने बताया कि युवक जबरन उसके साथ गलत काम करना चाहता था,और घर में घुसकर जबरन बिस्तर पर लिटा दिया और उसने मौका पाकर उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया और अपने पति को सूचना दी,सूचना के बाद पहुंची पुलिस उसे उसके घर से चाकू और चादर लेकर पुलिस चौकी आई है। पुलिस ने उसका बयान दर्ज कर लिया है।

# घर बैठे सफाई कर्मी को दिया जा रहा प्रत्येक महीने वेतन

### औधन गांव की सफाई व्यवस्था हुई चौपट जगह-जगह लगा गंदगी का अंबार

**अखंड भारत संदेश**

**नेवादा कौशाम्बी।** सफाई कर्मचारी को घर बैठा करके सरकारी खजाने से बड़ा वेतन दिया जा रहा है बीते कई वर्षों से यह खेल जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के संरक्षण में बेखौफ तरीके से चल रहा है जिससे जहां एक और सरकारी खजाने को बड़ी चपत लग रही है वही सफाई कर्मचारी के गायब रहने से गांव की गलियों में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही है बार-बार शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी से साठगांठ करने वाले जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था को सुधार करने की पहल नहीं कर सके हैं जिससे उनके भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन चलाकर गांव कस्बों को साफ सफाई से परिपूर्ण रखने के लिये खुद हांथ मे झाड़ू लेकर सफाई करते नजर आते हैं लेकिन उन्ही के अधिकारी व कर्मचारी उनके स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाने मे कोई कोर कसर नही छोड़ते हैं जो सरकार से वेतन मिलने के बाद कागजों मे हेराफेरी कर अपने जी हुजूरी मे लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंसूबों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। नेवादा ब्लॉक के ग्राम सभा औधन मे तैनात सफाई कर्मी सुशील मिश्रा कई वर्षों से अपने कार्य को करने के लिये गांव मे नही पहुँचता है जब कि इस ग्राम सभा मे मजरा सहित चार गांव सम्मिलित है लिस्ट पर तीन सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है (1) सुशील शर्मा (2) अशोक कुमार (3) सुशील मिश्रा जब कि अशोक कुमार को मजरा फरीदपुर और गौहर अली का पूरा की जिम्मेदारी दी गई है और आबादी ज्यादा होने के कारण ग्राम सभा मे दो सफाई कर्मी सुशील शर्मा और सुशील मिश्रा की तैनाती की गई है लेकिन ब्लॉक मे बैठे भ्रष्ट अधिकारियों के रहमों करम पर कागजों मे हेराफेरी व जी हुजूरी कर पलने वाला सुशील मिश्रा अपने कार्य को करने के लिये गांव मे कभी नही आया और उसका वेतन अधिकारी द्वारा कैसे कागजों मे पास कर दिया जाता है यह गंभीर जांच का विषय है और बीते दिनों सुशील शर्मा का गाड़ी के टक्कर से पैर फैक्चर होने से कार्य करने नही आ सके जिससे ग्राम सभा मे गंदगी फैली है अधिकारी दबाव बना कर एक ही सफाई कर्मी को ग्राम सभा व तीनो मजरा की सफाई करवाने मे बिवश हैं गांव मे फैली गंदगी को देखते हुये ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया है कि भ्रष्ट अधिकारियों को आदेशित कर सुशील मिश्रा को निलंबित कर दूसरे कर्मी को गांव में नियुक्त किया जाए और घर बैठे वेतन देने के मामले की उच्च स्तरीय जांच करा कर वेतन की रिकवरी कराई जाए।

## गौसंरक्षण केंद्र में बड़ी धांधली जिम्मेदार मौन!

**कई वर्ष बाद भी पशुओं की उपस्थिति का रजिस्टर नहीं बनाया गया है**



**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा के गौसंरक्षण केंद्र में बड़ी धांधली ब्याप्त है पशुओं को भरपेट चारा पानी नहीं दिया जाता है पशुओं के चारा में दाना अनाज खली चूनी नहीं मिलाई जाती है जिससे पशुओं को पौष्टिक भोजन न मिलने से पशु दिन प्रतिदिन कमजोर हो रहे हैं गौ संरक्षण केंद्र के अंदर मौजूद दो तिहाई से अधिक पशुओं की स्थिति बेहद खराब है जो बीमार है उनका इलाज भी ठीक से नहीं हो पा रहा है गौसंरक्षण केंद्र के देखने के लिए लगाए गए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के साथ सरकारी पशु अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा लगातार लापरवाही की शिकायत आला अधिकारियों से हो रही है लेकिन उसके बाद आला अधिकारी बदतर स्थिति को सुधार करने के लिए कड़े कदम नहीं उठा रहे हैं जिससे गौसंरक्षण केंद्र की दुर्दशा दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है गौ संरक्षण केंद्र के देखरेख चारा भूसा के लिए मिलने वाले रकम में योजना से जुड़े लोग बड़ी हेराफेरी कर मालामाल हो रहे हैं कई बार मामले की शिकायत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से हुई खंड विकास अधिकारी नेवादा से भी लोगों ने शिकायत की लेकिन गौ संरक्षण केंद्र की दुर्दशा में सुधार नहीं हो सका है बताया जाता है कि 1 वर्ष के दौरान ग्राम पंचायत बरियावा के गौसंरक्षण केंद्र में कई दर्जन पशुओं की बेवजह मौत हो गई है लेकिन उसके बाद भी गौ संरक्षण केंद्र की व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका है कई वर्ष बाद भी पशुओं की उपस्थिति का रजिस्टर नहीं बनाया गया है जिससे आंकड़ों का बड़ा खेल चल रहा है और सब कुछ विभागीय जिम्मेदारों की देखरेख में हो रहा है मामले में शासन को गंभीरता से जांच कराए जाने की जरूरत है यदि शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो गौ संरक्षण केंद्र की धांधली उजागर होना तय है।

## सहारा इंडिया के प्रमुख के निधन से इन्वेस्टरों में छायी मायूसी

**कौशाम्बी।** सहारा इंडिया के प्रमुख सुब्रत राय के मौत से समूचा भारत दहल उठा सुब्रत राय सहारा इंडिया की एक मास्टर चाबी थी अब वह इस दुनिया में वह नहीं रहे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे बीमारी जैसे किडनी दमा ब्लड प्रेशर के मरीज थे उनकी शारीरिक स्थिति खराब होने के कारण अपनी 75 साल की उम्र को पूरा करते हुए इस दुनिया से अलविदा कह दिया वही सोचा जाए तो शहर से लेकर के गांव तक के जमाकताओं में खलबली मच गयीं सहारा के जमाकर्ता निराश होकर के अपना माथा पकड़ कर बैठे हैं जैसे की जुबान से निकला शब्द वापस नहीं आता और हाथ से छूटा हुआ ढेला वापस नहीं आता इसी तरह आज सुब्रत राय के न रहने पर लोगों को जमा धनराशि वापस न मिलने की चर्चा जोर पर शुरू हो गई है अभी कुछ दिन पहले कोर्ट ने आदेश किया था की जिस शहर का पैसा जमा जिन लोगों का है उन्हें ऑनलाइन कर वापस दिया जाएगा लेकिन जब आज इस दुनिया से सुब्रत राय दुनिया को अलविदा कह कर विदा हो गए तो जमा की गई धनराशि व ब्याज तो क्या मूलधन मिलने में बहुत ही संघर्ष में है। सहारा प्रमुख के इस दुनिया में चले जाने से सहारा इंडिया के इन्वेस्टरों में मायूसी छा गई है।

# पूरामुफ्ती में निकली भव्य विशाल कलश शोभायात्रा पूरा नगर हुआ भक्तिमय



**अखंड भारत संदेश**

**मनौरी कौशांबी।** पुरामुफ्ती में रामदास वर्मा बिहका वाले एवम उनके सुपुत्र देवेंद्र वर्मा,संजीव वर्मा,प्रमोद वर्मा के सौजन्य से 16 नवंबर से 22 नवंबर तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है इसी परिपेक्ष्य में बुधवार को आज एक विशाल एवम भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई पीले वस्त्र धारण कर ध्वजा पताका लेकर नाचते गाते महिला पुरुष भक्तों द्वारा सिर पर कलश रखकर पूरे नगर में भ्रमण किया गया कलश यात्रा के पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चन किया गया मां गंगा का पवित्र जल कलश में भरकर यात्रा पूरे नगर में डीजे बैंड,हाथी घोड़े के साथ हजारों की संख्या में लोगो ने जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, जय हनुमान के घोष के साथ पूरे नगर में भ्रमण किया श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व भक्तजनों द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा देखकर पूरा नगर भक्तिमय हो गया आचार्य पंडित आशुतोष महराज के मुखारविन्द द्वारा श्रीमद भागवत कथा की जाएगी।

## जमीन के रास्ते ट्रैक्टर के जाने से रोका तो दबंगों ने महिला पर किया हमला

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा ग्राम सभा के मजरा मियां का पुरवा में बुधवार की शाम गांव की शांति देवी पत्नी मैकूलाल ने अपने जमीन के रास्ते से गांव के ही तुलसी दास, गोरेलाल पुत्र हरी प्रसाद को पुआल लदे ट्रैक्टर को ले जाने से रोक दिया तो दबंगों ने परिवार सहित मिलकर महिला शांति देवी को लाठी डंडों से जमकर पीटते हुए उसे मरणासन्न अवस्था में छोड़कर चले गए। घायल महिला के परिजनो ने पहुंचकर उसे सी एच सी कड़ा में भर्ती कराया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मामले की शिकायत कोखराज पुलिस से की गई है।

# किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया वर्ग विशेष का युवक

**विहिप व बजरंग दल ने थाने का किया घेराव**

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिले में एक किशोरी को एक वर्ग विशेष का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया,पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत पुलिस से की है,पुलिस पर कार्यवाई नही करने का आरोप लगाकर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने थाने का घेराव कर दिया।आनन फानन में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी को गांव का ही वर्ग विशेष का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया,जैसे ही इसकी जानकारी विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओ को हुई वह थाने पर पहुंच गए और थाने के बाहर घेराव कर प्रदर्शन करने लगे,पुलिस आरोपी युवक पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## आखिर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का किसने दिया लाइसेंस

**कौशांबी।** कहते है जब जिले के आला हाकिम के आंखो पर किसी सिस्टम की पट्टी बंध जाय तो निचले स्तर पर लोग बेलगाम हो जाते हैं ऐसा ही एक मामला सिराथू तहसील के अंतर्गत देखने को मिला है। जहां विद्यालय माफियाओं के पौ बारह है उनको किसी का खौफ नहीं है। मालूम हो जिले के सिराथू तहसील अंतर्गत कोर्ट को गुमराह कर एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में कब्जा तो हो गया मगर अब बच्चो के भविष्य से खिलवाड़कर कब्जा करना स्कूल प्रबंधक पर महंगा पड़ने वाला है। मनबढ़ प्रबंधक ने बिना मान्यता के दो साल से विद्यालय चलाकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। ऐसे मनबढ़ प्रबंधकों पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने पर क्यों न रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज देना चाहिए ताकि दूसरे विद्यालय माफियाओं को सबक मिल सके वे किसी भी बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ न कर सके।

# तालाब में खेती कराकर ग्राम प्रधान हो रहा मालामाल

**अखंड भारत संदेश**

**सरकारी संपत्ति की उपज को बेचने वाले ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने की मांग**



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा के तालाबी संख्या 70 नंबर में बीते कई वर्षों से ग्राम प्रधान द्वारा अवैध तरीके से खेती कराई जा रही है और खेती की उपज प्रत्येक वर्ष बिक्री हो रही है लेकिन सरकारी खजाने में नहीं जमा हो रही है सब कुछ लेखपाल के साठगांठ में हो रहा है इस धांधली में लेखपाल भी लगातार हिस्सेदार हैं कई बार ग्रामीणों ने मामले की शिकायत तहसील के अधिकारियों से की बार-बार जांच कराई जा रही लेकिन जांच के दौरान मामले में लीपापोती की जा रही है जिससे सरकारी तालाब में अवैध तरीके से खेती किए जाने पर रोक भी नहीं लग सकी और सरकारी तालाब की खेती से तैयार होने वाली उपज को ग्राम प्रधान बेचकर मालामाल हो रहा है। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत बरियावा के खजाने में यह रकम जमा भी नहीं हो रही है सरकारी तालाब में खेती कर उपज को बेचकर जेब में रखने वाले ग्राम प्रधान के कारनामे को अभी तक अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है जिससे ग्राम प्रधान के हौसले बुलंद है सरकारी तालाब में खेती कराए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में उच्च अधिकारियों को जांच करा कर तालाब की संपत्ति को सरकारी खाते में दर्ज कराते हुए तालाब की खेती से तैयार फसल की उपज से मिली रकम को सरकारी खजाने में जमा कराते हुए ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी कराए जाने की पहल अधिकारियों को करनी होगी। सूत्रों की माने तो बीते 20 वर्षों के बीच तालाब की खेती से मिली उपज की बिक्री से 20 लाख रुपए से अधिक की रकम उपज बेच कर ग्राम प्रधान ने एकत्रित किया है लेकिन यह रकम सरकारी खजाने में नहीं जमा है आखिर सरकारी संपत्ति से तैयार उपज की बिक्री की रकम अपने घर में रखने वाले ग्राम प्रधान क्या भ्रष्टाचार के दोषी नहीं है आखिर इस मामले को अधिकारी संज्ञान क्यों नहीं ले रहे हैं इलाके के लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी संपत्ति की उपज को बेचने वाले ग्राम प्रधान बरियावा पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने और तालाब को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

# भगवान श्रीराम के राजतिलक होते ही रामलीला का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**अंतिम दिन की लीला में मेघनाद, कुंभकर्ण, रावण वध सहित भगवान श्रीराम के राजतिलक की लीला दिखाई गई**



**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के उदहिन बुजुर्ग में चल रही रामलीला के अंतिम दिन भगवान श्रीराम के राजतिलक की लीला दिखाई गई। भगवान श्रीराम के राजतिलक होने के साथ ही रामलीला का समापन हो गया। अंतिम दिन की लीला मेघनाद लक्ष्मण संग्राम से शुरू हुई। हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने से लक्ष्मण की मूर्छा समाप्त हुई। इसके बाद दुबारा लक्ष्मण और मेघनाद का संग्राम हुआ जिसपर लक्ष्मण ने मेघनाद का वध कर दिया। इसके बाद रावण ने कुंभकर्ण को युद्ध करने के लिए भेजा। कुंभकर्ण और भगवान श्रीराम के बीच युद्ध हुआ जिसपर भगवान श्रीराम ने कुंभकर्ण का वध कर दिया। अंत में रावण युद्ध करने आया। जिसपर राम रावण युद्ध हुआ। विभीषण द्वारा रावण के नाभि में अमृत होने की बात बताने पर भगवान श्रीराम ने उसके नाभि में वाण मारा जिसके कारण रावण का अंत हो गया। इसके बाद भगवान श्रीराम माता सीता जी सहित लक्ष्मण और हनुमान जी को लेकर वापस अयोध्या लौटे। अयोध्या आने पर भगवान श्रीराम का राजतिलक हुआ और इसी के साथ रामलीला का समापन हो गया। रामलीला के समापन अवसर पर मेला और रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय सोनी ने कार्यक्रम में शामिल रहे लोगों का आभार जताया साथ ही भगवान श्रीराम जी से सभी के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र दिवाकर, गुड्डू केसरवानी, बिनोद सोनी, कल्लू केसरवानी, ज्ञान केसरवानी, जीतू केसरवानी, डॉ अरविंद मौर्य, शिवम सोनी आदि मौजूद रहे।

## हिसामबाद ग्राम में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन पांडाल में श्रोताओं की रही भीड

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के हिसामबाद गांव में श्रीमद्भागवत का आयोजन कथावाचक श्री विद्याधर त्रिपाठी महाराज के मुखरविंद द्वारा किया जा रहा है श्रीमदभागवत कथा आयोजन के दूसरे दिन हिसामबाद ग्राम के महिला पुरुष ग्रामीणों की उपस्थिति पांडाल में बनी रही। श्रीमद् भागवत कथा सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए बुधवार को कथा वाचक श्री विद्याधर त्रिपाठी महाराज ने परीक्षित कथा सहित कृष्ण जन्मोत्सव पर चर्चा की और कृष्ण लीला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रभु कि भक्ति से सब कुछ संभव है उन्होंने कहा कि प्रभु भक्तो की रक्षा करते है दुष्टो के संघार के लिए भगवान श्री कृष्ण ने धरती पर अवतार लिया है और दुष्टों का संहार कर जगत का कल्याण किया है भगवान की , कथा सुनने मात्र से परम आनंद का सुख प्राप्त हुआ कर्ता है। श्रीमद भागवत श्रवण से मन में समस्त जीव-प्राणियों के मंगल कामना की पूर्ति होती है श्रद्धालुओं के उत्साहपूर्ण जयकारों एवं सुमधुर व कर्णप्रिय भजनों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो रहा है । श्रीमद् भागवत कथा आयोजन शेषनारायण त्रिपाठी जी के द्वारा कराया जा रहा है जिसके मुख्या यजमान पूज्या माता मालती देवी , व स्वा सुमित्रा देवी पत्नी शेषनारायण त्रिपाठी जी जिसके मुख्या श्रोता यजमान है।

## प्रभु की भक्ति से सब कुछ संभव-नंद जी महाराज



**अझुवा कौशाम्बी।** जनपद के आदर्श नगर पंचायत अजुहा में श्रीमद्भागवत का आयोजन कथावाचक आचार्य नंद जी महाराज के मुखरविंद द्वारा किया जा रहा है। श्रीमदभागवत कथा आयोजन के दूसरे दिन नगर पंचायत अजुहा के महिला पुरुष ग्रामीणों की उपस्थिति पांडाल में बनी रही। श्रीमद् भागवत कथा सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए। बुधवार को कथा वाचक आचार्य श्री नन्द जी महाराज ने परीक्षित कथा सहित कृष्ण जन्मोत्सव पर चर्चा की और कृष्ण लीला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रभु कि भक्ति से सब कुछ संभव है। उन्होंने कहा कि प्रभु भक्तो की रक्षा करते है दुष्टो के संघार के लिए भगवान श्री कृष्ण ने धरती पर अवतार लिया है और दुष्टों का संहार कर जगत का कल्याण किया है। भगवान की कथा सुनने मात्र से परम आनंद का सुख प्राप्त हुआ करता है। श्रीमद भागवत श्रवण मात्र से मन में समस्त जीव-प्राणियों के मंगल कामना की पूर्ति होती है। श्रद्धालुओं के उत्साहपूर्ण जयकारों एवं सुमधुर व कर्णप्रिय भजनों से पूरा नगर गुंजायमान हो रहा है । श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान उदयवीर सिंह एवम कुसुम देवी द्वारा किया गया है। दूसरे दिन भी श्रोताओं में आनंद सिंह, बीर बहादुर सिंह, रामतापोवन सिंह, रविन्द्र सिंह, दिनकर सिंह, आशुतोष सिंह, सुधाकर सिंह, अविनाश सिंह, गौरव सिंह, आदित्य सिंह सहित हजारों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

## जमीनी विवाद में पीड़ित को धमकाने पहुंचा फालोवर

**पुलिस चौकी के फालोवर का शराब पीकर गाली गलौच करने का वीडियो वायरल**



**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र की अफजलपुर सातो पुलिस चौकी के फालोवर का शराब के नशे में पीड़ित के घर पर पहुंचकर गाली गलौच करने का वीडियो वायरल हो रहा है,पीड़ित के घर के सामने जबरन रास्ता को चौड़ा बनाने के लिए पीड़ित की ही तरफ से जमीन काटने को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की थी,जिसके बाद मनबढ़ अफजलपुर सातों चौकी प्रभारी और चौकी के फालोवर उलटा पीड़ित को ही धमकाने में जुटे हुए है। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अफजलपुर सातों के जमुना प्रसाद सोनी के घर के सामने की गली जिसकी चौड़ाई लगभग 5 फिट की है उसको चौड़ा करने के लिए कुछ दबंग लोग लगे हुए है,जमुना प्रसाद ने अपने तरफ से दो फीट का रास्ता और बनाने दिया लेकिन दबंग उसी की तरफ से और तीन फीट की जमीन काटकर रास्ता चौड़ा करना चाहते है,जिसकी शिकायत पुलिस से की है। पीडित ने 6 नवंबर को गोलू पुत्र अरुण,रवि पुत्र जोखू, राजा तिवारी पुत्र सदाशिव,अशोक तिवारी पुत्र इंद्रजीत,अरुण पुत्र चंद्रिका,आनंद पुत्र विजय मिश्रा एवम कुछ अज्ञात के नाम शिकायत की ,लेकिन पुलिस ने 151 के तहत कार्रवाई कर मामला खत्म करा दिया,जिसके बाद दबंग फिर आए और जमुना प्रसाद की दीवाल गिरा दी। परेशान पीड़ित जमुना प्रसाद सोनी ने इसकी शिकायत एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से की,आरोप है कि एसपी से शिकायत के बावजूद न तो थानाध्यक्ष और न ही चौकी प्रभारी ने कोई करवाई नही की,वही पीड़ित के घर पर पुलिस चौकी का फालोवर वीरेंद्र निषाद पहुंचा और शराब के नशे में जमकर गाली गलौच किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

संपादक की कलम से

# और कितने हादसे देखेंगे पहाड़!

**उत्तराखंड में विकास** : जानबूझकर बबार्दीजोशीमठ में विकास की दरारें पहाड़ों के साथ छेड़छाड़ का एक और नतीजा बड़े हादसे के रूप में सामने आया है जिसमें उत्तराखंड स्थित उत्तरकाशी के बड़कोट में एक निमार्णाधीन सुरंग धसक गयी। उत्तरकाशी में ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच यह सुरंग बन रही है। इसमें करीब 40 मजदूर फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए पिछले 3 दिनों से प्रयास हो रहे हैं। केन्द्र के एनडीआरएफ तथा राज्य के एसडीआरएफ समेत अनेक विशेषज्ञ टीमें मलबे को हटाकर उन्हें निकालने हेतु प्रयासरत हैं। सुरंग के अंदर फंसे ज्यादातर प्रवासी मजदूर हैं- मुख्यतः उत्तर प्रदेश के। आशा है कि बचाव टीमें इन्हें सुरक्षित निकालने में कामयाब होंगी। बताया गया है कि सुरंग के भीतर फंसे हुए मजदूर सुरक्षित हैं। वॉकी टॉकी के माध्यम से रेस्क्यू टीम का उनसे संपर्क बना हुआ है। उत्तरकाशी की मिट्टी बहुत नर्म है। इसके चलते ऊपर से चट्टानें, मिट्टी आदि लगातार नीचे गिर रही है। इसके कारण भी बचाव कार्य में बड़ी दिक्कतें आ रही हैं। पहाड़ों के साथ जैसा व्यवहार मनुष्य की ओर से हो रहा है उसका एक और उदाहरण इस हादसे के रूप में सबके सामने है। अब यह सोचने का वक्त आ गया है कि किस तरीके से पहाड़ों में विकास कार्य किये जायें कि प्रकृति को न्यूनतम नुकसान हो और कम से कम ऐसे दर्दनाक हादसे तो न ही घटें। उल्लेखनीय है कि इसी साल की जनवरी में जोशीमठ में कई जगहों पर जमीनों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गईं। अनेक घरों में भी दरारें आई हैं जिसके कारण सैकड़ों लोगों ने जोशीमठ ही छोड़ दिया है। उन्हें अस्थायी शिविरों में शरण लेनी पड़ी थी। आज भी यहां के लगभग 700 मकानों में दरारें देखी जा सकती हैं। यह कस्बा एक तरह से खाली हो गया है। पिछले साल अक्टूबर में उत्तरकाशी के ही भटवाड़ी इलाके में द्रौपदी के डांडा-2 पर्वत शिखर पर जोरदार बर्फीला तूफान आया था। इससे 34 पर्वतारोहियों की मौत हो गई थी। इनमें 25 प्रशिक्षु थे जबकि 2 प्रशिक्षक थे। 2013 में केदारनाथ की त्रासदी को कोई नहीं भूल सकता। यह हाल के वर्षों में उत्तराखंड की सर्वाधिक बड़ी त्रासदी मानी जाती है जिसमें पता नहीं कितने लोगों की मौत हो गई थी। आज तक यह ठीक-ठीक नहीं बताया जा सकता कि कितने लोग मारे गये।

अक्टूबर 1991 में जोरदार भूकंप आया था जिससे करीब एक हजार लोग मारे गये थे। हजारों मकान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गये थे। तब यह अविभाजित उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। ऐसे ही, काफी पहले पिथौरागढ़ जिले का माल्पा गांव भूस्खलन के चलते पूरी तरह से उजड़ गया था। इस हादसे में 255 लोगों की मौत हुई थी जिनमें कैलाश मानसरोवर जाने वाले 55 से ज्यादा श्रद्धालु थे। चमोली जिले में रिएक्टर स्केल पर 6.8 की तीव्रता वाले भूकंप के चलते 100 से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इससे सटे हुए जिले रुद्रप्रयाग में भी भारी नुकसान हुआ था और अनेक घरों, सड़कों तथा जमीनों में दरारें आई थीं।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत पूरी हिमालयीन पर्वत श्रृंखला अपेक्षाकृत पृथ्वी पर होने वाला नया प्राकृतिक निर्माण है। कुछ ही स्थलों को छोड़ दें तो कम आयु की यह पर्वतमाला ज्यादातर स्थलों पर कच्ची है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार इसका निर्माण अब भी जारी है। उसमें भी उत्तराखंड की मिट्टी तो और भी भुरभुरी होने के कारण पृथ्वी की परतों के नीचे होने वाली हलचलों का असर हिमाचल प्रदेश के साथ इसी क्षेत्र में सर्वाधिक पड़ता है। नेपाल में बार-बार आने वाले भूकम्पों का कारण भी यही भूगर्भीय हलचलें हैं। ये पहाड़ अपनी खूबसूरती के कारण देश-विदेश से करोड़ों लोगों को आकर्षित करते हैं। दरअसल उसके दिलकश नजारे ही उसके लिये अभिशाप बन गये हैं क्योंकि उनका आनंद लेने के लिये बड़ी संख्या में आने वालों के लिये ही निर्माण कार्य हो रहे हैं। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हुए निर्माण कार्यों को यहां की आपदाओं के लिये प्रमुख रूप से दोषी बताया जाता है। जगह-जगह बनने वाले होटल, मकान, बहुमंजिला इमारतें, व्यवसायिक परिसर, रिसोर्ट्स, होमस्टे आदि के कारण जमीनों का प्राकृतिक स्वरूप तेजी से बदल दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय सीमाएं लगने के कारण इस पूरे क्षेत्र का सैन्य महत्व भी है। सीमाओं पर चौकसी व उनकी सुरक्षा के लिये बड़ी सड़कें, पुल, सुरंगें आदि बनाई जाती हैं। इनसे भी पहाड़ों को नुकसान पहुंचता है। इन पहाड़ों में पनबिजली उत्पादन की भी अपार सम्भावनाएं हैं क्योंकि पर्वतों से निकलने वाली नदियों और नालों से बिजली संयंत्रों को पानी मिलता है। इसके लिये पानी के बहाव को मोड़ा गया है, बांध बने हैं, सुरंगें बनी हैं एवं विशाल निर्माण हुए हैं जिनसे बड़ी तादाद में बने विद्युत संयंत्रों को जल की आपूर्ति होती है। हाल के वर्षों में सरकारों द्वारा नयी सड़कें या उनका चौड़ीकरण, पुल, सुरंग आदि का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके लिये होने वाले विस्फोटों व मशीनों के कारण भी पहाड़ों को भारी नुकसान होता है। इससे जलवायु में भी परिवर्तन हो रहा है। अब तो पहाड़ों के ऋ तु चक्र में तक बदलाव दर्ज हो रहे हैं। ऊपरी इलाकों में स्थित ग्लेशियरों के पिघलने के कारण इन पहाड़ों से निकलने वाली नदियों का जल स्तर बढ़ने तथा भूगर्भीय जल के कारण सतह के ऊपर बड़ी टूट-फूट हो रही है। नये-नये निर्माण कार्यों के परिणाम ऐसी ही त्रासदियों एवं हादसों के रूप में सामने आ रहे हैं। विकास की आवश्यकता से कोई इंकार नहीं कर सकता लेकिन इन त्रासदियों एवं हादसों को देखते हुए नियंत्रित व वैज्ञानिक तरीके से निर्माण किये जाने चाहिये।

# भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का गौरावंतिक दिवस रहा

अशोक भाटिया





**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। देशभर के मेरे परिवारजनों को इस विशेष अवसर से जुड़े जनजातीय गौरव दिवस की ढेरों शुभकामनाएं।

सरकार ने मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाने वाले हैं, जहां वह उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे और कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।प्रधानमंत्री ने बुधवार को झारखंडवासियों को राज्य स्थापना दिवस की भी बधाई दी। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, झारखंड अपनी खनिज संपदाओं के साथ-साथ जनजातीय समाज के साहस, शौर्य और स्वाभिमान के लिए सुविख्यात रहा है। यहां के मेरे परिवारजनों ने देश की उन्नति में अपना अहम योगदान दिया है। राज्य के स्थापना दिवस पर मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। साल 2000 में आज ही के दिन बिहार को विभाजित कर झारखंड राज्य की स्थापना की गई थी।

बिरसा मुंडा की जयंती के इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज झारखंड में बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू भी जा रहे हैं। ये पहला मौका है जब देश के प्रधानमंत्री झारखंड के खूंटी जिले में स्थिति उलिहातू जा रहे है । प्रधानमंत्री मोदी उलिहातु में बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देंगे और उनके परिवार वालों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे है । प्रधानमंत्री मोदी आज 24 हजार करोड़ रुपये के जन जातीय मिशन की शुरूआत कर रहे है ।


गौरतलब है की आज प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के उस गांव में पहुंच रहे हैं जहां आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री नहीं पहुंचा था। ये ऐतिहासिक मौका है कि अमर शहीद बिरसा मुंडा के गांव देश का कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। पहले प्रधानमंत्री मोदी रांची में भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का दौरा करेंगे। इसके बाद वह बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव पहुंचेंगे यहां पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे । देखा जाय तो बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में प्रधानमंत्री मोदी का ये दौरा बेहद खास है। प्रधानमंत्री मोदी अमर शहीद बिरसा मुंडा की जयंती के कार्यक्रम में शामिल होंगे इस दौरान प्रधानमंत्री ढश्ळॠडेवलपमेंट मिशन के शुभारंभ के साथ 24000 करोड़ रुपए की कई योजनाओं की शुरूआत भी करेंगे। मोदी सरकार के इस कदम का लक्ष्य आदिवासी आबादी को मजबूत बनाना है। दरअसल 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 ढश्ळॠहैं। वे 22,544 गांवों में रहते हैं और उनकी आबादी करीब 28 लाख है। इसके अलावा प्रधानमंत्री 8 करोड़ किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त भी किसानों के खाते में भेजेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके गांव जाना ऐतिहासिक होने के साथ साथ भावनात्मक भी है। बिरसा मुंडा आदिवासियों के लोकनायक हैं, आदिवासी उन्हें भगवान की तरह मानते हैं।महज 25 साल की उम्र में देश के लिए कुर्बान हुए बिरसा मुंडा के गांव के लिए ये दिन खास है, आज उनकी शहादत को सलामी देने पहली बार भारत के प्रधानमंत्री उलिहातू आ रहे हैं। वहीं, बिरसा मुंडा के गांव में प्रधानमंत्री मोदी का दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब चार राज्यों में वोट डाले जाने हैं। इन चार राज्यों में आदिवासी वोट बड़ी भूमिका निभाता है। भाजपा इसे जानती है लेकिन दूसरी पार्टियों की चिंता बढ़ गई है। प्रधानमंत्री का ये दौरा आज से लेकर 2024 तक गहरा असर डालने वाला है। कौन हैं बिरसा मुंडा? जानते है उनके बारे में व साथ ही यह भी जानना जरुरी है कि उन्हें भगवान क्यों कहा जाता है । ज्ञात हो कि आदिवासियों के भगवान माने जाने वाले बिरसा मुंडा की संघर्ष की शुरूआत चाईबासा में हुई थी जहाँ उन्होंने 1886 से 1890 तक चार वर्ष बिताए। वहीं से अंग्रेजों के खिलाफ एक आदिवासी आंदोलन की शुरूआत हुई। उन्होंने ठान लिया था कि वो अंग्रेजों को सबक सिखा कर ही रहेंगे।

बिरसा मुंडा के भाषणों से लोग बुहत प्रभावित हुए थे। उन्होंने अंग्रेजों को कमजोर करने के लिए उन्हें कोई टैक्स न देने की अपील की थी। उन्होंने यह भी घोषणा कि थी कि अब विक्टोरिया रानी का राज खत्म हो गया है और मुण्डा राज शुरू हो गया है। मुण्डा उन्हें धरती आबा कहने लगे थे लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ लगान माफी के लिए आंदोलन की शुरूआत कर दी। जिससे जमींदारों के घर से लेकर खेत तक भूमि का कार्य रूक गया। सामाजिक स्तर पर आदिवासियों के इस जागरण से जमींदार और तत्कालीन ब्रिटिश शासन बौखला गया। दरअसल, अंग्रेजों ने आदिवासियों को उनकी ही जमीन के इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी थी और साहूकार उनकी जमीनों को हथिया रहे थे। अपनी जमीन को फिर से पाने के लिए मुंडा समुदाय के लोगों ने आंदोलन की शुरूआत की और इसे ही उलगुलान का नाम दिया था। बिरसा मुंडा ने पुलिस स्टेशनों और जमींदारों की संपत्ति पर हमला करना शुरू कर दिया था। ब्रिटिशों के झंडों को उखाड़कर सफेद झंडा लगाया जाने लगा जो मुंडा राज का प्रतीक था। मुंडा के इतना करने भर से ही ब्रिटिशों की नाक में दम हो गया। उन्होंने बिरसा को पकड़ने के लिए 500 रुपए का इनाम रखा था जो उस जमाने में बड़ी रकम हुआ करती थी। पहली बार 24 अगस्त 1895 को उन्हें गिरफ्तार किया गया था। उनको दो साल की सजा हुई थी, लेकिन जेल में रहने के दौरान अंग्रेजों से बदले की भावना और तेज हो गई थी। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए अपने लोगों के साथ गुप्त बैठकें शुरू कर दी थीं। सन 1900 आते-आते बिरसा का संघर्ष छोटानागपुर के 550 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैल चुका था। सन 1899 में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का और अधिक मजबूत कर लिया था। उस दौरान आदिवासी विद्रोह इतना बढ़ गया था कि राँची के जिला कलेक्टर को सेना की मदद माँगने के लिए मजबूर होना पड़ा था।डोम्बारी पहाड़ी पर सेना और आदिवासियों की भिड़ंत हुई थी, जिसमें 400 आदिवासी मारे गए थे लेकिन अंग्रेज पुलिस ने सिर्फ 11 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की थी। अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों के बढ़ते विरोध के चलते ब्रिटिशों को अपनी सरकार गिरने का डर सताने लगा था। इसी के चलते उन्होंने इसे रोकने के लिए साजिश रची थी।

अंग्रेजों ने उन्हें रोकने के लिए गिरफ्तारी वॉरंट निकाल दिया था। जिसके चलते 3 मार्च साल 1900 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। जेल में जाने से पहले उन्होंने अंग्रजों के खिलाफ लड़ने का बिगुल फूंक दिया था। भले ही उनकी गिरफ्तारी हो गई थी, लेकिन लोगों के लिए वह तब भी भगवान के समान थे। जेल में जाने के बाद दिन पर दिन उनकी तबीयत खराब होती चली गई थी। जेल में बिरसा को बिल्कुल एकांत में रखा गया था।यहां तक की उन्हें किसी से भी मिलने नहीं दिया जाता था। उन्हें बस एक घंटे के लिए कोठरी से बाहर निकाला जाता था। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ती चली गई और 9 जून, 1900 को बिरसा ने सुबह 9 बजे दम तोड़ दिया। हालांकि, उनके दोस्तों का दावा है कि उन्हें अंग्रेजी हुकुमत ने मारने के लिए जहर दिया था। लेकिन अंग्रेजों ने उनकी बीमारी का कारण हैजा बताया था, हालांकि हैजा के कोई भी साक्ष्य नहीं मिले थे।भले ही बिरसा मुंडा बहुत कम उम्र में शहीद हो गए थे, लेकिन उनके साहसिक कार्यों के कारण वह आज भी अमर हैं।

# निष्क्रिय सरकार का एक प्रतीक, महिला आत्महत्या के बढ़ते प्रकरण

बाल मुकुन्द ओझा



संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व सहिष्णुता दिवस हर साल 16 नवम्बर को मनाया जाता है। देश दुनियां में आज सहिष्णुता तार तार हो रही है। हम ने अपने हित साधने के लिए दूसरों को बलि का बकरा बनाना सीख लिया है। यही कारण है की समाज में भाई चारे का स्थान वैमनस्यता ने ले लिया है । सहिष्णुता का जिंदगी में बहुत महत्त्व है। जिसने जीवन में सहन करना सीख लिया वह जिंदगी की हर जंग जीत सकता है। सहिष्णुता जीवन शक्ति का पर्याय है। विश्व के देशों में सहनशीलता का निरंतर क्षरण हो रहा है। शासक एक दूसरे के विरुद्ध ऐसे बयान जारी कर रहे है जिससे विश्व में कटुता और असहिष्णुता का बाजार गर्म हो रहा है। विश्व सहिष्णुता दिवस मनाने के पीछे यह तर्क दिया जारहा है कि विश्व समुदाय एक दूसरे का सम्मान करें और अपने नागरिकों में उन भावनाओं को पुष्ट करें जिससे किसी भी स्थिति में सहिष्णुता को हानि नहीं पहुंचे।

सहिष्णुता भारतीय जनजीवन का मूल मंत्र है। मगर देखा जा रहा है कि समाज में सहनशीलता समाप्त होती जारही है और लोग एक दूसरे के खिलाफ विषाक्त वातावरण बना रहे है जिससे हमारी गौरवशाली परम्पराओं के नष्ट होने का खतरा मंडराने लगा है। सहिष्णुता को लेकर इस समय देश की सियासत गरमाई हुई है। नेताओं के जहरीले बयानों और भाषणों से वातावरण विषाक्त हो रहा है। इससे हमारी लोकतांत्रिक परम्परायें कमजोर और क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर विराजमान व्यक्तियों सहित देश के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए जिस प्रकार की शब्दावली का उपयोग और प्रयोग हो रहा है वह हम सब के लिए बेहद चिंता और निराशाजनक है। सोशल मीडिया इसमें सबसे आगे है जहाँ ऐसे ऐसे शब्दों को देखा जा रहा है जिनकों इस आलेख में लिखा जाना कतई मुनासिब नहीं है। इसके लिए कोई एक पक्ष दोषी नहीं है। इस मैली गंगा में सभी अपना हाथ धो रहे है। कई बार देखा गया है , इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर हो रही बहस घृणास्पद और निम्नस्तरीय है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहनशील होना आवश्यक है। सहनशीलता व्यक्ति को मजबूत बनाती है, जिससे वह बड़ी से बड़ी परेशानी का डटकर मुकाबला कर सकता है। अक्सर देखा जाता है हम छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा कर देते हैं, जिससे बात आगे बढ़ जाती है और अनिष्ट भी हो जाता है। ऐसी ही छोटी-छोटी बातों को मुस्कुराते हुए सुनने वाला व्यक्ति ही सहनशील है। सहनशीलता का शब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना। मानव व्यक्तित्व के विकास और उन्नयन का मुख्य आधार तत्व सहिष्णुता है। स्वयं के विरूद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है। सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है।

भारत में प्राचीन काल में वैदिक परम्परा का बहुत अधिक प्रभाव था।

मध्यकाल आते-आते समाज में वर्ण व्यवस्था हावी हो गई। इसके साथ ही सम्पूर्ण समाज जातियों और वर्गों में विभाजित हो गया। अंधविश्वास, सामाजिक कुरीति, जात-पांत, छुआछूत, ऊँच-नीच के साथ महिला और पुरूष के मध्य भेदभाव का बोलबाला हो गया। समाज और राष्ट्र रूढ़िवादिता में फंस गया।

चौदहवीं और पन्द्रहवीं शताब्दी को समाज सुधार की दिशा में अग्रणी माना गया है। इस अवधि में समाज सुधार आंदोलन फैला और सामाजिक बुराइयों को चुनौती मिली। समाज सुधार के इस आंदोलन का नेतृत्व संतों और समाज सुधारकों ने किया। इन सन्तों ने जाति प्रथा, धार्मिक कट्टरता और अंध विश्वास के विरूद्ध लोगों में चेतना के बीज बोये। संतों ने समाज में बराबरी, समता, भाईचारे और प्रेम का सन्देश फैलाया। आपसी कटुता और बैरभाव के विरूद्ध लोगों को चेताया। संत कबीरदास से लेकर गुरूनानक, रैदास और सुन्दरलाल आदि संतों में समाज में सहिष्णुता का भाव उत्पन्न कर सामाजिक समरसता को जन जन तक पहुंचाया। इससे समाज में सही अर्थों में सहिष्णुता की भावना बलवती हुई। संत कबीर हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। उन्होंने राम-रहीम को एक माना और कहा ईश्वर एक है भले ही उसके नाम अलग-अलग क्यों न हों।

सहिष्णुता ही लोकतंत्र का प्राण है। मनुष्य को सहनशील और संस्कारी बनाने के लिए प्रारम्भ से ही सहिष्णुता की शिक्षा दी जानी चाहिये ताकि वे बड़े होकर चरित्रवान और संस्कारी बने। हम बड़ी बड़ी बातें सहनशीलता की अवश्य करते है मगर उस पर अमल नहीं करते। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने कथनी और करनी के भेद को मिटाकर सही मायनों में सहिष्णुता को अपनाएं तभी देश और समाज को आगे बढ़ा पाएंगे।

# कैसे खून से लथपथ होने से बचें हमारी सड़कें

आर.के. सिन्हा

**एक बार** फिर से देश में सड़क हादसों पर आई एक सरकारी रिपोर्ट को पढ़कर कोई भी इंसान डर जाएगा । समझ नहीं आता कि आखिर कैसे हम अपने यहां होने वाले सड़क हादसों के कारण होने वाली मौतों पर काबू कर पाने में सफल होंगे। फिलहाल तो स्थिति सच में बेहद चिंताजनक है। हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल यानी 2022 में 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। ये वास्तव में एक बहुत ही बड़ा आंकड़ा है। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए। हम जिस रिपोर्ट की बात कर रहे हैं उसे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ही जारी किया है। हादसों का वे अभागे लोग खासतौर पर शिकार हुए जो सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करते। मेरा मानना है कि हमारे यहां निजी कारों और दूसरे वाहनों को चलाने वाले ड्राइवरों को जितना काम करना पड़ता है उसके चलते भी बहुत सारे हादसे होते हैं। एक औसत ड्राइवर दिन में 14-15 घंटे ड्यूटी करता है। उसे सोने का सही से मौका नहीं मिलता। उसकी कायदे से नींद पूरी ही नहीं हो पाती। चूंकि उसे अपने बीवी- बच्चों का पेट भरना होता है इसीलिए उसे दिन-रात गाड़ी चलानी पड़ती है। अमृत मान ने 1986 से लेकर 1991 तक अपनी सेकेंड हैंड एंबेसडर कार को टैक्सी के रूप में चलाया। उसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे कई टैक्सियां खरीद कर अपनी ट्रांसपोर्ट कंपनी खोल ली। अमृत मान कहते हैं कि वे मन से अब भी ड्राइवर हैं। वे कहते हैं- 'ड्राइवरी के पेशे में सिर्फ खटना होता है। ड्राइवर के सुख-दुख से किसी को कोई सरोकार नहीं होता। उसके जीवन में जिल्लत और अपमान ही है। उसने कब खाना खाया या नहीं खाया, वो कहां सोया या नहीं सो पाया, इससे आमतौर पर किसी कोई को लेना-देना नहीं होता।' आप कभी किसी सरकारी या अन्य बिल्डिंग की पार्किंग को देख लें। वहां पर सैकड़ों कारें खड़ी मिलेंगी। किसी एक कार के बोनट पर चार-पांच ड्राइवर ताश खेल रहे होते हैं। उन्हें उनके कुछ साथी देख भी रहे होते हैं। अचानक से बॉस का फोन आया। एक ड्राइवर ने अपने ताश के पत्ते साथी को दिए और निकल पड़ा बॉस को लेने। यही ड्राइवर की जिंदगी है। कब कहां जाना है, कुछ पता नहीं। उसे सवाल पूछने तक का हक नहीं है। उसकी ड्यूटी का कोई समय नहीं। आपको देश के बहुत सारे शहरों में सड़क किनारे टैक्सी स्टैंड मिलेंगे। वहां पर कुछ ड्राइवर चारपाई पर बैठे होते हैं। पीछे एक छोटा सा टेंट लगा होता है।

इन टेंटों के आसपास ही ड्राइवरों की जिंदगी गुजर जाती है। टेंट में चाय बनाने वाला एक स्टोव भी रखा होता है। कई ड्राइवरों से बात हुई। सबका कहना था कि जब किसी को लेकर शहर से बाहर जाते हैं, तो रात को गाड़ी में ही सो जाते हैं। इतना पैसा तो मिलता नहीं कि होटल या धर्मशाला में रुक सके। बेशक, ड्राइवरी के पेशे से वे ही जुड़ते हैं जिनके पास कोई विकल्प नहीं होता। कोई भी ड्राइवर नहीं बनना चाहता। कोई ड्राइवर अपने बच्चों को ड्राइवर बनाना भी नहीं चाहता। पर मजबूरी क्या नहीं करवाती। औसत ड्राइवर तो जीवन भर संघर्ष ही करता रहता है। चूंकि ड्राइवरों को रोज 14-15 घंटे तक काम करना होता है तो इनकी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। सोने का इन्हें समय नहीं मिलता। इसका नतीजा यह होता है कि इतने ज्यादा हादसे होते हैं। ड्राइवर कभी यह नहीं कह सकता कि रात के वक्त चलना खतरे से खाली नहीं है। ड्राइवरों को तो हुक्म को मानना ही है। उसकी सिर्फ कमी निकाली जाएगी। कौन सुनता है उसकी कहानी।

# ऐसे आचार्यों से किनारा करे कांग्रेस

**ऐसे वक्त** में जब कांग्रेस अपने अस्तित्व के साथ-साथ पूरे भारत में लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी व निर्णायक लड़ाई लड़ रही है, तब आचार्य प्रमोद कृष्ण का वह बयान उसे नुकसान पहुंचा सकता है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'कांग्रेस ने एक लफंडर को अपना महासचिव बना रखा है।' साथ ही वे पहले भी अनेक ऐसे बयान दे चुके हैं जो पार्टी के सीधे-सीधे खिलाफ हैं। कांग्रेस अपने इसी प्रकार के सदस्यनुमा खैरख्वाहों की बदौलत भरपूर नुकसान झेल चुकी है। उसे चाहिये कि वह अपने ऐसे आचार्यों और नेताओं पर लगाम कसे या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाये। उल्लेखनीय है कि आचार्य प्रमोद प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं और वे दो बार कांग्रेस की तरफ से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पहली बार 2014 में संभल और 2019 में लखनऊ से। हालांकि दोनों ही बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। दरअसल हाल ही में आचार्य ने कहा था कि 'कांग्रेस के भीतर कुछ हिन्दू विरोधी भावनाओं के लोग हैं।' इस पर जब कांग्रेस के महासचिव व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला से पत्रकारों ने प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि 'वे ऐसे ऊलजलूल लोगों को छोड़ें और बयानों पर न जायें।' इसी बयान से नाराज होकर आचार्य ने ट्वीट कर दिया कि 'कांग्रेस के भाग्य की यह विडम्बना है कि एक ऐसे लफंडर को पार्टी का महासचिव बना दिया गया है जिसने राज्यसभा के चुनाव में विधायक रहते हुए भाजपा के उम्मीदवार और जी न्यूज के मालिक सुभाष चंद्रा को जितवाने का पाप सिर्फ एक अश्लील सीडी के प्रसारण को रुकवाने के लिये किया।' इसके पहले उन्होंने बयान दिया था कि 'कुछ ऐसे बड़े कांग्रेसी नेता हैं जिन्हें हिन्दू शब्द से ही नफरत हैं।' उनका यह भी कहना था कि 'कुछ नेताओं को राम मंदिर ही नहीं भगवान राम से भी नफरत है'। वे यहीं तक नहीं रुके और उन्होंने यह भी कहा कि 'दुनिया जानती है कि राम मंदिर के निर्माण को रोकने के प्रयास हुए। इससे सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।' आचार्य प्रमोद ऐसे लोगों में हैं जो अपने पार्टी विरोधी बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने संयुक्त विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती से गठबंधन किये बगैर उप्र में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी चुनाव जीत ही नहीं सकते।

प्रमोद आचार्य का गुस्सा स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी भड़का है जिन्होंने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को अपनी दिवाली की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि 'दुनिया में सभी रंग-रूप, नस्ल वालों के बच्चे दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख, दो छिद्रों वाली नाक के साथ एक सिर, एक पीठ व एक पेट के साथ पैदा होते हैं।

# 'हम यह नहीं देख सकते...', अस्पताल का खौफनाक मंजर'

**गाजा पट्टी**

गाजा के अल शिफा अस्पताल में इजरायली सैनिकों की सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। इजरायल का दावा है कि हमास ने अल शिफा अस्पताल को एक कमांड सेंटर बना रखा है। हजारों फलस्तीनी घायलों के बीच हमास के लड़ाके अस्पताल में छुपे हुए हैं। युद्ध की वजह से गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ना तो बिजली है और न ही डॉक्टरों के पास इलाज करने के लिए जरूर मेडिकल सामग्री। अल शिफा अस्पताल में सैकड़ों मासूम जिंदगी से जंग लड़ने पर मजबूर हैं। अमेरिका सहित पूरी दुनिया अल शिफा के हालात पर चिंता जाहिर कर रही है।



**अस्पतालों में मौजूद मरीजों की रक्षा की जानी चाहिए: अमेरिका**

व्हाइट हाउस ने मंगलवार देर रात कहा है कि अस्पताल में मौजूद मरीजों की हर हाल में सुरक्षा की जानी चाहिए। हालांकि, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रवक्ता ने अस्पताल में इजरायल द्वारा चलाए जा रहे सैन्य अभियान को लेकर कहा कि व्हाइट हाउस इस कार्रवाई की बारीकियों पर चर्चा नहीं करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि हम किसी अस्पताल पर हवाई हमले का समर्थन नहीं करते। हम अस्पतालों में गोली चलते और निर्दोष लोगों को मरते नहीं देखना चाहते हैं। अस्पतालों में मौजूद मरीजों की रक्षा की जानी चाहिए।

**अस्पताल पर हुए हमले के पीछे जो बाइडन जिम्मेदार: हमास**

वहीं, हमास ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी घोषणा ने इजरायल को अस्पताल पर हमला करने के लिए प्रभावी रूप से "हरी झंडी" दे दी है।

समूह ने कहा कि उसने ऑपरेशन के लिए इजरायल और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया। गाजा में मौजूद नागरिकों की मानें तो अस्पताल में फिलहाल हजारों की तादाद में लोग मौजूद हैं। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा है कि खुफिया जानकारी और परिचालन आवश्यकता के आधार पर आईडीएफ बल अल शिफा अस्पताल में निर्दिष्ट क्षेत्र में हमास के खिलाफ एक सटीक और लक्षित अभियान चला रहा है।" युद्ध की शुरूआत से लेकर अब तक इजरायली हमलों में 11,000 से अधिक गाजावासी मारे गए हैं, जिनमें से लगभग 40 प्रतिशत बच्चे हैं।

# कंगाल पाकिस्तान की हुई कमाई, रूस के साथ युद्ध के लिए यूक्रेन को बेचे हथियार

**इस्लामाबाद**

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने कथित तौर पर पिछले साल दो निजी अमेरिकी कंपनियों के साथ हथियार सौदे में 364 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान को यह कमाई रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन को गोला-बारूद की आपूर्ति करने में हुई है। बीबीसी उर्दू ने सोमवार को रिपोर्ट में जानकारी देते हुए बताया कि एक ब्रिटिश सैन्य मालवाहक विमान ने युद्धग्रस्त देश को हथियारों की आपूर्ति करने के लिए रावलपिंडी में पाकिस्तान वायु सेना बेस नूर खान से साइप्रस, अक्रोटिरी में ब्रिटिश सैन्य अड्डे और फिर रोमानिया के लिए कुल पांच बार उड़ान भरी।



**पाकिस्तान ने इन दावों को किया खारिज**

हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार इस बात से इनकार किया है कि उसने रोमानिया के पड़ोसी देश यूक्रेन को कोई गोला-बारूद मुहैया कराया है। अमेरिकी संघीय खरीद डेटा सिस्टम से अनुबंध के विवरण का हवाला देते हुए, बीबीसी की रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान ने 155 मिमी गोले की बिक्री के लिए 'ग्लोबल मिलिट्री' और 'नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन' नाम की दो अमेरिकी कंपनियों के साथ दो अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है। पाकिस्तान ने यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने के इन समझौतों पर 17 अगस्त, 2022 को हस्ताक्षर किए थे।

**पाकिस्तान ने कहा- हथियारों का नहीं हुआ कोई सौदा**

इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय ने यूक्रेन को हथियार और गोला-बारूद की किसी भी बिक्री से इनकार किया है।

विदेश कार्यालय ने बयान जारी कर कहा, 'पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच विवाद में "सख्त तटस्थता" की नीति बनाए रखी और उस संदर्भ में उन्हें कोई हथियार या गोला-बारूद उपलब्ध नहीं कराया है।

बता दें कि ये कथित समझौते पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के शासन के दौरान हुए थे। पीडीएम एक बहुदलीय गठबंधन है, जिसने पिछले साल अप्रैल में अविश्वास मत के माध्यम से इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया था।

**अगस्त 2022 में समझौतों पर किए थे हस्ताक्षर**

अगस्त 2022 में, जब इन कथित अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए, तो यूक्रेन संकट पाकिस्तान में राजनीतिक चर्चा का एक हिस्सा था। इसमें खास बात यह भी है कि जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में आक्रमण का आदेश दिया था, तो उस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान 24 फरवरी को रूस की यात्रा पर थे। यात्रा के महीनों बाद, जनरल बाजवा ने सार्वजनिक रूप से खान से दूरी बना ली थी और आक्रमण को तुरंत रोकने का आह्वान किया।

इस जुलाई में पाकिस्तान की यात्रा के दौरान, यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने उन रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया कि पाकिस्तान रूस के साथ चल रहे संघर्ष के दौरान अपनी सेना का समर्थन करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर रहा था।

## 'दलाई लामा का उत्तराधिकारी देश के भीतर से ही होना चाहिए'

**बीजिंग**

चीन ने शुक्रवार को कहा है कि 88 वर्षीय दलाई लामा का उत्तराधिकारी देश के भीतर से ही होना चाहिए और उत्तराधिकारी को इसकी मंजूरी लेनी होगी। दरअसल, चीन भारतीय सीमा के करीब स्थित तिब्बत को दक्षिण एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में पेश कर रहा है। चीन सरकार द्वारा जारी एक श्वेत पत्र में यह बात कही गई है।



**दलाई निभाने वाले है अहम भूमिका**

चीन इसे लेकर बेहद चिंतित है, क्योंकि भारत के धर्मशाला में निर्वासित जीवन जी रहे दलाई लामा अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति में अग्रणी भूमिका निभाने वाले हैं। उनका इस क्षेत्र में गहरा आध्यात्मिक प्रभाव हो सकता है, क्योंकि उनकी विरासत तिब्बती जनता के मन में बसी हुई है। भले ही बीजिंग का कहना है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी की जरूरत है, लेकिन पर्यवेक्षकों का कहना है कि वह इसलिए चिंतित है, क्योंकि नंबर दो आध्यात्मिक नेता माने जाने वाले पंचेन लामा तिब्बत में ज्यादा लोकप्रियता हासिल नहीं कर पाए हैं।

**दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप न करे चीन: अमेरिका**

उन्हें दलाई लामा द्वारा नामित लड़के को पद से हटाने के बाद नियुक्त किया गया था। चीन ने अमेरिका द्वारा तिब्बत मुद्दों के लिए विशेष समन्वयक की नियुक्ति पर भी कड़ा विरोध व्यक्त किया है। साथ ही वाशिंगटन के इस दावे की आलोचना की है कि बीजिंग को दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

**चीन ने दलाई लामा पर तिब्बत को विभाजित करने का लगाया आरोप**

14वें दलाई लामा को लेकर चीन ने एक बार फिर से कहा कि वह किसी भी तरह से सिर्फ एक धार्मिक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि एक राजनीतिक निर्वासित व्यक्ति हैं जो लंबे समय से चीन विरोधी अलगाववादी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। चीन ने उन पर आरोप लगाया कि वह तिब्बत को विभाजित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## इजरायल ने गाजा पट्टी के लिए दिखाई दरियादिली, अस्पतालों में इनक्यूबेटर करेगा ट्रांसफर

**तेल अवीव**

पिछले एक महीने से इजरायल और गाजा के बीच युद्ध चल रहा है। यह विनाशकारी युद्ध अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों पक्षों से अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है। गाजा के अस्पतालों के पास लोगों के इलाज के लिए बुनियादी सुविधाएं भी नहीं है। वहीं युद्ध के बीच द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इजरायल से गाजा पट्टी के अस्पतालों में इनक्यूबेटरों को ट्रांसफर करने में मदद कर रहा है। सेना ने एक संपर्क अधिकारी और शिफा अस्पताल के निदेशक के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग साझा की, जिसमें चार श्वास मशीनों और अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों के साथ 37 इनक्यूबेटरों को गाजा में ट्रांसफर करने की बात कही गई है। आईडीएफ गाजा शहर के शिफा अस्पताल को बंद कर रहा है जो यरूशलेम के अनुसार हमास के मुख्य संचालन केंद्र को छिपा रहा है।



**'इजरायल सहायता के लिए तैयार'**

आईडीएफ ने सोशल मीडिया एक्स पर कोऑर्डिनेशन ऑफ गवर्नमेंट एक्टिविटीज इन द टेरिटरीज (सीओजीएटी) के प्रवक्ता का एक वीडियो भी साझा किया।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# गाजा में इजरायल जो कर रहा, वो पूरी दुनिया देख रही...ट्रूडो के बयान पर नेतन्याहू का फूटा गुस्सा

**ओटावा**

**इजरायल**-हमास जंग का आज 39वां दिन है और हालात बद से बदतर होते जा रहे है। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इजरायल द्वारा गाजा पट्टी पर किए जा रहे जवाबी हमले पर ऐसा बयान दे दिया है, जिससे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का गुस्सा फूट पड़ा है। दरअसल, 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर अचानक किए गए हमले के बाद से इजरायली सेना गाजा में हमास के ठिकानों पर लगातार हमला कर रही है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से 11,000 से अधिक फलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से दो-तिहाई महिलाएं और नाबालिग शामिल हैं।



**'मैं इजरायल सरकार से आग्रह करता हूं'**

इसी को देखते हुए कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को इजरायली हमलों की तीखी आलोचना की और कहा, गाजा पट्टी में महिलाओं, बच्चों और शिशुओं की हत्या बंद होनी चाहिए।' ट्रूडो ने कहा कि इजरायल को हमास के खिलाफ अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है, लेकिन प्रभावित क्षेत्र में बढ़ती मौतों की संख्या एक चिंता का विषय है। मैं इजरायल सरकार से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करता हूं।'

**'दुनिया सबकुछ देख रही है'**

ब्रिटिश कोलंबिया के पश्चिमी प्रांत में एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रूडो ने कहा कि हम डॉक्टरों, परिवार के सदस्यों, जीवित बचे लोगों, उन बच्चों की गवाही सुन रहे हैं जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है। दुनिया महिलाओं, बच्चों और शिशुओं की हत्या को टीवी पर, सोशल मीडिया पर सबकुछ देख रही है।

इसे रोकना होगा।' ट्रूडो ने यह भी कहा कि हमास को फलिस्तीनियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करना बंद करना होगा और अपने सभी बंधकों को रिहा करना चाहिए।'

**ट्रूडो के इस बयान पर बेंजामिन नेतन्याहू का फूटा गुस्सा**

ट्रूडो की इस आलोचना पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कनाडाई पीएम ट्रूडो को आड़े हाथों लिया और कहा, ' जानबूझकर नागरिकों (फलिस्तीनियों) को निशाना इजरायल नहीं बल्कि हमास बना रहा है। ये हमास है जिसने नरसंहार के बाद से यहूदियों पर किए गए सबसे भयानक हमले में नागरिकों के सिर काटे, जलाए और नरसंहार किया। एक तरफ जहां इजरायल नागरिकों (फलिस्तीनियों) को नुकसान से दूर रखने के लिए सब कुछ कर रहा है, तो वहीं हमास उन्हें ही ढाल बनाकर नुकसान पहुंचा रहा है।

**इजरायल नहीं, बल्कि हमास को ठहराना चाहिए जिम्मेदार**

नेतन्याहू ने ट्रूडो को जवाब देते हुए कहा कि इजरायल गाजा में नागरिकों को मानवीय गलियारे और सुरक्षित क्षेत्र प्रदान कर रहा है, तो वहीं हमास उन्हें बंदूक की नोक पर जाने से रोक रहा है। यह हमास है, इजरायल नहीं, जिसे दोहरे युद्ध अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। नागरिकों के पीछे छिपकर नागरिकों को निशाना बनाना हमास का काम है। हमास की बर्बरता को हराने में इजरायल का समर्थन करना चाहिए।'

## सुएला ने बर्खास्त होने के बाद ऋषि सुनक पर फोड़ा लेटर बम



**लंदन**

ब्रिटेन के गृह सचिव के पद से अनौपचारिक रूप से हटाए जाने के एक दिन बाद कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद सुएला ब्रेवरमैन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने ऋषि सुनक पर प्रमुख नीतियों पर "स्पष्ट रूप से और बार-बार विफल रहने" का आरोप लगाया।

ब्रेवरमैन ने त्याग पत्र में लिखा, "ग्रीष्मकालीन नेतृत्व प्रतियोगिता के दौरान जब प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी के अधिकांश सांसदों ने आपको रिजेक्ट कर दिया था और पीएम बनने के लिए कोई व्यक्तिगत जनादेश नहीं होने के बावजूद, आपने मुझे प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं पर जो दृढ़ आश्वासन दिया था, उसकी वजह से मैंने आपको समर्थन दिया था।"

**पत्र के जरिए ब्रेवरमैन ने ऋषि सुनक पर किया तीखा हमला**

उनके पत्र में कहा गया, "ये प्राथमिकताएं अवैध प्रवासन को कम करना, चैनल को पार करने वाली छोटी नौकाओं को रोकना, उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल और ईयू कानून को एक साल पहले की तरह लागू करने के लिए गाइडलाइंस जारी करना हैं, लेकिन आप इन प्रमुख नीतियों में से हर एक को पूरा करने में स्पष्ट रूप से और बार-बार विफल रहे हैं।"

ब्रेवरमैन ने ऋषि सनक पर "हमारे समझौते के साथ विश्वासघात" और "राष्ट्र के प्रति आपके वादे के साथ विश्वासघात" का आरोप लगाते हुए कहा कि लगता है नावों को रोकने में आप "कुछ भी करेंगे।" सोमवार को ऋषि सुनक के मंत्रिमंडल में फेरबदल के दौरान सुएला ब्रेवरमैन को ब्रिटेन के गृह सचिव के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। पूर्व विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली ने उनकी भूमिका संभाली है। ब्रेवरमैन को उनकी उस टिप्पणी को लेकर विवाद के बाद बर्खास्त कर दिया गया था, जिसमें उन्होंने फुटपाथ पर रहने वालों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने एक पोस्ट में कहा था, "ब्रिटेन के लोग दयालु हैं। हम हमेशा उन लोगों का साथ देंगे जो सचमुच बेघर हैं, लेकिन हम अपनी सड़कों पर तंबुओं की कतारों से लोगों को कब्जा नहीं करने देंगे, जिनमें से कई लोग विदेश से आए हैं। ये लोग अपनी लाइफस्टाइल च्वॉइस के रूप में सड़कों पर रहते हैं।"

# गाजा के अल शिफा अस्पताल में इजरायली सेना की छापेमारी, हमास के आतंकियों से सरेंडर करने को कहा

**गाजा**

इजरायली सेना (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि वह गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा में फलिस्तीनी-हमास आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान उन सभी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। इस बीच, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इजरायल ने एन्क्लेव में अधिकारियों से कहा था कि वह "आने वाले मिनटों में" शिफा अस्पताल परिसर पर कार्रवाई करेगा। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक डॉ. मुनीर अल-बुर्श ने 'अल जजीरा' टेलीविजन को बताया कि इजरायली सेना ने अस्पताल परिसर के पश्चिमी हिस्से पर हमला किया था। बर्श ने कहा, "हम जहां हैं वहां बड़े विस्फोट हुए हैं और धूल उन इलाकों में घुस गई है। हमारा मानना है कि अस्पताल के अंदर एक विस्फोट हुआ है।"



**अल शिफा अस्पताल बना अंतरराष्ट्रीय चिंता का कारण**

गाजा पर पांच सप्ताह के इजरायली हमले के बाद मानवीय युद्धविराम के लिए वैश्विक आह्वान के साथ हाल के दिनों में सुविधा में बिगड़ती स्थितियों के कारण अल शिफा का भाग्य अंतरराष्ट्रीय चिंता का केंद्र बन गया है। एक बयान में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा, "खुफिया जानकारी और परिचालन आवश्यकता के आधार पर आईडीएफ बल शिफा अस्पताल में एक निर्दिष्ट क्षेत्र में हमास के खिलाफ एक सटीक और लक्षित अभियान चला रहे हैं।" सेना ने कहा, "आईडीएफ बलों में चिकित्सा दल और अरबी भाषी शामिल हैं, जिन्होंने इस जटिल और संवेदनशील वातावरण के लिए तैयारी करने के लिए निर्दिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस इरादे से कि नागरिकों को कोई नुकसान न हो।" इजरायल ने कहा है कि हमास के पास अल शिफा के नीचे एक कमांड सेंटर है और सैन्य अभियानों को छिपाने और बंधकों को रखने के लिए इसके नीचे अस्पताल और सुरंगों का उपयोग करता है। हालांकि, हमास इससे इनकार करता है। इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल पीटर लर्नर ने सीएनएन को बताया कि अस्पताल और परिसर हमास के लिए उनके अभियानों का केंद्र शायद धड़कते दिल और शायद गुरुत्वाकर्षण का केंद्र भी है। अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि उसकी अपनी खुफिया एजेंसी इजरायल के निष्कर्षों का समर्थन करती है।

**अल शिफा ऑपरेशन के लिए बाइडन जिम्मेदार**

हमास ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी घोषणा ने इजरायल को अस्पताल पर हमला करने के लिए प्रभावी रूप से "हरी झंडी" दे दी है। समूह ने कहा कि उसने ऑपरेशन के लिए इजरायल और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया। गाजा शहर के केंद्र और अल शिफा के आसपास बढ़ने से पहले इजरायली सेना ने पिछले 10 दिनों में हमास लड़ाकों के खिलाफ सड़क पर भीषण लड़ाई लड़ी है। इजरायल ने 7 अक्टूबर के हमले का बदला लेने के लिए हमास को नष्ट करने की शपथ ली है।